मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
वर्ष : 42 | अंक : 233 | सोमवार, 9 दिसंबर 2024 | 3 रुपए | पृष्ठ 4
ANDROID APP ON Google play /ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.L.B.) Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

**मृत महिला के परिवार को 25 लाख देंगे अल्लू**

## संक्षेप...

### ठाणे में ट्रक में मिली 44 लाख की विदेशी शराब, युवक पकड़ा

**ठाणे.** ठाणे में एक ट्रक से 44.29 लाख रुपये की भारत में निर्मित विदेशी शराब (आईएमएफएल) बरामद की गई। इसके साथ ही एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। आबकारी उड़न दस्ते के निरीक्षक महेश धनशेट्टी ने कहा कि भारत निर्मित विदेशी शराब को एक ट्रक में ले जाया जा रहा था। इसमें पेंट ले जाने का दावा किया गया था। ट्रक को शिल फाटा इलाके से पकड़ा गया।

स्टॉक हिमाचल प्रदेश में बिक्री के लिए था और गोवा में तैयार किया गया था। गिरफ्तार व्यक्ति पुनमा राम ढोकला राम गोदारा ट्रक का चालक है। शराब के तस्करी रैकेट की जांच की जा रही है।

# बदलापुर तक बनेगी 4 रेल लाइन

- **निर्माण कार्य में आएगी तेजी**
- **छोटे-बड़े पुलों के काम के लिए 34 करोड़ के टेंडर की घोषणा**
- **2026 के अंत तक तय समय में काम पूरा करने का लक्ष्य**
- **उल्हासनगर, अंबरनाथ, बदलापुर के रेल यात्रियों की यात्रा होगी सुगम**

**कल्याण.** उल्हासनगर, अंबरनाथ, बदलापुर स्टेशनों पर रेल यात्रियों की यात्रा को सुगम बनाने के लिए महत्वपूर्ण तीसरी और चौथी लाइन के काम में तेजी आ गई है. मुंबई रेलवे डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ने इस रूट पर छोटे-बड़े पुलों के काम के लिए 34 करोड़ के टेंडर की घोषणा की है. मंजूरी के बाद एक साल के भीतर काम पूरा होने की उम्मीद है. रेलवे प्रशासन का इरादा इन रूटों को 2026 के अंत तक तय समय में शुरू करने का है.

पिछले कुछ सालों में कल्याण से आगे यात्रियों की बढ़ती संख्या के कारण रेलवे सेवा पर दबाव है. कल्याण स्टेशन से कर्जत, कसारा की ओर केवल दो रेलवे लाइनें हैं. परिणामस्वरूप, लंबी दूरी की ट्रेनों के शेड्यूल से उपनगरीय रेल सेवा प्रभावित होती है. इससे कल्याण स्टेशन से अंबरनाथ, बदलापुर की ओर जाने वाले यात्रियों को परेशानी होती है. इसलिए, इस मार्ग पर मुंबई शहरी परिवहन परियोजना 3 के माध्यम से कल्याण बदलापुर स्टेशन के बीच 14 किमी लंबी तीसरी और चौथी लाइन बनाने का निर्णय लिया गया. इस प्रोजेक्ट का निर्माण कुल 1 हजार 510 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है. मुंबई रेलवे डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ने बताया है कि पिछले चार साल में प्रोजेक्ट का सिर्फ 25 फीसदी ही पूरा हो सका है. रास्ते में कई छोटे पुल, रेलवे फ्लाईओवर बनाए जाएंगे. पुल और अन्य कार्यों के लिए मुंबई रेलवे विकास निगम द्वारा हाल ही में एक निविदा प्रकाशित की गई है. 34.31 करोड़ रुपये के इस टेंडर में पुलों का निर्माण कराया जायेगा. इस मार्ग पर कुल 49 छोटे-बड़े पुल हैं और इनमें से कुछ निर्माणाधीन हैं. इसलिए उम्मीद है कि इस रूट के काम में तेजी आएगी. पिछले वर्ष वन विभाग की अनुमति मिलने के बाद इस कार्य में तेजी लाई गई. इन मार्गों के पूरा होने के बाद, उपनगरीय लोकल ट्रेनों की भीड़ से बचा जा सकेगा और उम्मीद है कि लोकल ट्रेनों की संख्या भी बढ़ेगी.



### पुलों का तेजी से निर्माण

इस मार्ग पर अंबरनाथ औद्योगिक इस्टेट में फॉरेस्ट नाका और टी जंक्शन के बीच रेलवे पुल पूरा हो गया है. उल्हासनगर के पास दो पैदल यात्री पुलों पर काम चल रहा है. मुंबई रेलवे विकास निगम के जनसंपर्क अधिकारी सुनील उदासी ने जानकारी दी है कि कुछ और पुलों पर काम चल रहा है. उन्होंने यह भी कहा है कि इस प्रोजेक्ट का काम एक निश्चित समय में पूरा कर लिया जाएगा.

# अंबरनाथ में युवक की निर्मम हत्या




- **2 लोगों के झगड़े में तीसरे की हत्या**
- **हत्यारा गिरफ्तार**

यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पूर्व में बारकूपाड़ा परिसर में मामूली झगड़े को लेकर एक युवक ने दूसरे युवक की चाकू से वार करके निर्मम हत्या कर दी. शिवाजी नगर पुलिस ने हत्यारे समीर मुन्ना वाघे को गिरफ्तार कर लिया है. हत्या जिसकी हुई है उसका नाम तुषार धेडे (18) बताया गया है. शनिवार रात की ये घटना है.

तुषार और महेश धाबी दोनों दोस्त जा रहे थे कि आरोपी समीर वाघे और महेश में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया. झगड़ा छुड़ाने के लिए तुषार आगे आयो तो रोष में आकर समीर ने तुषार और महेश पर चाकू से हमला कर दिया. इस हमले में तुषार गंबीर घायल हो गया. उसे उल्हासनगर सेंट्रल अस्पताल उपचार हेतु ले जाया गया. लेकिन उसकी मौत हो गई. महेश भी घायल हो गया है. आरोपी समीर वाघे मानसिक रुग्ण बताया गया है. घटना के बाद वह फरार हो गया था.

शिवाजी नगर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है. शिवाजी नगर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया है. महेश का उपचार चल रहा है. हत्या की अधिक जांच पुलिस कर रही है.

# आग से 3 गोदाम जलकर राख

**भिवंडी.** भिवंडी तालुका अंतर्गत वलपाडा परिसर ग्लोबल कॉम्प्लेक्स में कागज, प्लास्टिक, पुट्ठा रखे हुए शुभम सोल्यूशन नामक भंगार गोदाम में लगी भीषण आग से आसपास के 3 गोदाम जलकर राख हो गए.सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची 3 दमकल गाड़ियों ने गोदामों में लगी आग को कड़ी मेहनत के बाद बुझाई.आग बुझने तक सभी गोदामों में रखा हुआ माल जलकर राख हो गया था.



# उल्हास नदी के किनारे अवैध टॉवर पर आपत्ति

- **उल्हास नदी बचाव कार्य समिति ने ध्यान आकर्षित किया**

**कल्याण.** उल्हास नदी संरक्षण कार्रवाई समिति ने कल्याण-मुरबाड रोड पर उल्हास नदी के तट पर एक दूरसंचार टॉवर के अवैध निर्माण के खिलाफ सरकार/प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है.

यह जागीर स्कूलों, कॉलेजों, आवासीय कॉलोनियों और नदियों के किनारे स्थित है. इस टॉवर के कारण क्षेत्र के निवासियों के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ने की संभावना है और पर्यावरण को नुकसान पहुंचने की आशंका व्यक्त की जा रही है.

टॉवर से निकलने वाला विद्युत चुम्बकीय विकिरण निवासियों, छात्रों, बुजुर्गों और बच्चों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है. नदी के किनारे टॉवर खड़ा करने से पानी की गुणवत्ता ख़राब होने और जलीय प्रजातियों के प्रभावित होने का ख़तरा है. किसी भी प्रकार की पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन रिपोर्ट प्रस्तुत किए बिना टॉवर का निर्माण करना भी अवैध है. यह टॉवर कानून का उल्लंघन कर बनाया गया है.



स्कूलों, कॉलेजों और आवासीय क्षेत्रों में टॉवरों के निर्माण के लिए स्थानीय प्रशासन से अनुमति की आवश्यकता होती है. हालाँकि, यह ज्ञात है कि टावर अवैध रूप से बनाया गया था. नदी किनारे संरचनाओं के निर्माण के संबंध में मानदंडों का पालन नहीं किया गया है. इस टावर के निर्माण की तुरंत जांच होनी चाहिए.

यदि टॉवर अवैध है तो इस टॉवर को तत्काल हटाया जाए. पर्यावरणविदों सहित स्थानीय निवासियों ने मांग की है कि भविष्य में ऐसी अवैध परियोजनाओं को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं.

प्रशासन को इस मुद्दे पर गंभीरता से ध्यान देकर निवासियों के स्वास्थ्य की रक्षा और पर्यावरण को होने वाले नुकसान को रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए. इस संबंध में, उच्च न्यायालय को सूचित किया गया है और भविष्य की कानूनी कार्रवाई के लिए शिकायत दर्ज की गई है, उल्हास नदी बचाव कार्रवाई समिति ने सरकार/प्रशासन को मेल द्वारा भेजे गए एक बयान में कहा.

अब शासन प्रशासन इस पर क्या कार्रवाई करेगा, इस पर क्षेत्रवासियों सहित उल्हास नदी बचाव कार्य समिति की निगाहें टिक गई हैं.

# अंबरनाथ केबी सड़क पर हादसा

- **दो बाइक टकरा गई, 4 घायल, 2 गंभीर**
- **घायलों को कलवा अस्पताल ले जाया गया**

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ केबी मुख्य महामार्ग पर आर्डनेंस गेट के पास दो बाइक सवार आपस में टकरा जाने से जबरदस्त दुर्घटना हुई है. 4 लोग घायल हुए हैं, जिसमें 2 गंभीर रूप से घायल है. दोनों को पहले उल्हासनगर के सेंट्रल अस्पताल ले जाया गया, वहां से उन्हें बाद में कलवा के छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में उपचार हेतु दाखिल किया गया है.



दोनों गंभीर घायलों के नाम राज हटकर और निलेश विश्वकर्मा है. महबूब शाह और दादा भाऊ हटकर भी घायल हैं. दादा हटकर रिलायंस पेट्रोल पंप से अपनी बाइक में पेट्रोल भरकर अपने लड़के राज को बिठा कर कानसई एएमपी गेट अपने घर की तरफ जाने के लिए निकले. उन्होंने जैसे ही दूसरी जा रही बाइक को ओवरटेक किया, दोनों बाइक आपस में टकरा गई. चारों जमीन पर गिर गए. महबूब शाह ने पत्रकारों को बताया कि दाहा हटकर ने ओवरटेक करके मुड़ने का सिगनल नहीं दिया था. इसलिए ये गंभीर हादसा हुआ है. केबी सड़क पर दुर्घटनाओं का सत्र रुक नहीं रहा है. इस सड़क पर फारेस्ट नाका से मटका चौक पर रिलायंस पेट्रोल पंप तक कई सड़क दुर्घटनाएं हुई है, जिसमें कई लोगों की अब जानें गई हैं.



# आवारा कुत्तों के हमले में महिला गंभीर रूप से घायल

**कल्याण.** टिटवाला में एक आवासीय परिसर के आसपास शुक्रवार आधी रात के आसपास आवारा कुत्तों के हमले में एक 60 वर्षीय महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। इस महिला की हालत चिंताजनक होने पर उसे जेजे अस्पताल में भर्ती कराया गया है. महिला की पहचान नहीं हो पाई है. प्रत्यक्षदर्शी संभावना जता रहे हैं कि यह महिला कोई भिखारी या कूड़ा बीनने वाली है. एक 60 वर्षीय महिला शुक्रवार आधी रात के आसपास टिटवाला में रीजेंसी सर्वम होम कॉम्प्लेक्स के पीछे की तरफ टहल रही थी। इस महिला को देखकर इलाके के चार आवारा कुत्ते उस पर टूट पड़े. चारों कुत्तों ने एक साथ महिला पर हमला कर दिया, जिससे महिला जमीन पर गिर पड़ी. आवारा कुत्तों ने महिला के कपड़े छीन लिए, शरीर को काटकर घायल कर दिया। महिला ने पहले तो आवारा कुत्तों के चंगुल से भागने की कोशिश की। चारों कुत्तों ने एक साथ महिला पर हमला कर दिया, जिससे वह उठ नहीं सकी।



हमले में गंभीर रूप से घायल महिला मौके पर ही बेहोश हो गई। आवारा कुत्ते महिला को आवास परिसर की ओर खींच ले गये. जैसे ही इलाके के कुछ निवासियों, आवास परिसर की देखभाल करने वालों को घटना के बारे में पता चला, वे घटनास्थल पर पहुंचे। तभी कुत्ते महिला को छोड़कर भाग गये। जागरूक नागरिकों ने तुरंत महिला को एम्बुलेंस से गोवेली के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया.

इस महिला की हालत गंभीर होने के कारण पहले इसका इलाज गोवेली अस्पताल में किया गया और फिर उल्हासनगर के सेंट्रल अस्पताल और वहां से कलवा के सरकारी अस्पताल में भेजा गया। इस महिला की हालत चिंताजनक होने पर उसे जेजे रेफर कर दिया गया। 60 वर्षीय महिला की पहचान नहीं हो पाई है.

# रिंग रोड में बाधित 125 अवैध निर्माण ध्वस्त



- **अटाली के पास कडोंमपा ने की कार्रवाई**

**कल्याण.** कल्याण डोंबिवली महानगर पालिका के ए वार्ड की अतिक्रमण नियंत्रण टीम ने टिटवाला-कल्याण-डोंबिवली और शिलपाटा के बीच 30 किमी लंबी बाहरी बाईपास सड़क (रिंग रोड) में बाधा डालने वाले 125 अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर दिया. इस कार्रवाई से पिछले कुछ वर्षों से अटाली क्षेत्र में रुके हुए रिंग रोड के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है.

मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण कल्याण की सीमा के भीतर टिटवाला-अंबिवली अटाली-गांधारी ब्रिज-वाडेघर से दुर्गाडी फोर्ट-पतरी पुल से मोठागांव-कोपर-भोपर से शिलफाटा-काटई-हेदुटने तक 30 किमी लंबी बाईपास सड़क बनाने की प्रक्रिया में है. इस सड़क में टिटवाला से वाडेघर तक सड़क निर्माण के चरण पूरे हो चुके हैं. इस चरण के दौरान, अटाली क्षेत्र में घुमावदार सड़क के किनारे 125 चाली, झोपड़ी संरचनाएं थीं.

इन निवासियों के पुनर्वास का मामला कुछ वर्षों से रुका हुआ था. यह समस्या कमिश्नर डॉ. इंदुरानी जाखड़ की पहल से हल हुई. कमिश्नर डॉ. जाखड़ के आदेश पर अतिरिक्त आयुक्त योगेश गोडसे, अतिक्रमण नियंत्रण उपायुक्त अवधूत तावड़े, ए वार्ड के सहायक आयुक्त संदीप रोकड़े के मार्गदर्शन में अतिक्रमण नियंत्रण, हॉकर रिमूवल टीम, जेसीबी और पुलिस कर्मियों की मौजूदगी में 125 निर्माण ध्वस्त कर दिए गए. शुक्रवार को दिन में अटाली क्षेत्र में डायवर्जन सड़कों के काम में बाधा डाली गई. मोठागांव मानकोली से पतरीपूल चरण के पूरा होने के बाद, यात्री मानकोली पुल के माध्यम से डोंबिवली आए बिना शहर के बाहर से कल्याण की ओर जा सकेंगे. कल्याण से यात्री इस सड़क पर मंकोली ब्रिज के रास्ते ठाणे, मुंबई जा सकेंगे.

# क्षयरोग रोकथाम कार्यक्रम का उदघाटन



**उल्हासनगर.** क्षय रोग यानी टीबी से भारत को पूरी तरह से मुक्त करने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न उपक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी तरह उल्हासनगर मनपा के स्वास्थ विभाग के द्वारा कैंप 2 के आरोग्य केंद्र 2 द्वारा शनिवार को क्षय रोग दूरीकरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पूर्व महापौर मीना आयलानी ने पहुंचकर कार्यक्रम का उदघाटन किया।

इस दौरान रोटरी क्लब की तरफ से क्षय रोगियों को अनाज किट वितरण का कार्यक्रम भी रखा गया था।

इस कार्यक्रम के उदघाटन के दौरान डॉक्टर, स्वास्थ कर्मियों समेत तमाम स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। उपस्थित लोगों द्वारा क्षयरोगमुक्त भारत का संकल्प लेते हुए शपथ ली। इस कार्यक्रम में डॉ. मोहिनी धर्मा, डॉ. विजय खेडकर, मंगला चांडा समेत डॉक्टर, स्वास्थकर्मी उपस्थित रहे।

# शहाड़ के पंप हाउस का कार्य डेढ़ साल में पूरा करने का निर्देश -मनपा आयुक्त सौरभ राव

- **स्टेम परियोजना में नये पंप हाउस व पाइपलाइन बिछाने के कार्य का शुभारंभ**
- **500 मिलियन लीटर क्षमता के नये पंप हाउस का निर्माण**
- **12 किमी तक पाइप लाइन का विस्तार**

**ठाणे.** मनपा आयुक्त सौरभ राव ने हाल ही में स्टेम परियोजना में 500 मिलियन लीटर की क्षमता वाले नये पंप हाउस और बारह किलोमीटर के पाइप लाइन के विस्तार का उद्घाटन किया जो ठाणे, भिवंडी-निजामपुर और मीरा भायंदर को पानी की आपूर्ति करेगा।

महानगरपालिकाओं के मूलभूत सुविधाओं को विकसित करने के लिए विशेष प्रावधान के तहत राज्य सरकार से सब्सिडी मिलती है।इसके तहत ठाणे, भिवंडी-निजामपुर मीरा भायंदर को पानी की आपूर्ति करने वाली स्टेम परियोजना की जल वाहनी क्षमता बढ़ाने के लिए नये पंप हाउस के निर्माण,पाइप लाइन बिछाने और पुराने पाइप लाइन की मरम्मत के लिए 278 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई थी। इस फंड को पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अक्टूबर 2024 में मंजूरी दी थी।



मनपा आयुक्त सौरभ राव ने इस परियोजना का अनुसरण किया जो तकनीकी मंजूरी के बाद लगभग तीन वर्षों से लंबित थी। मनपा क्षेत्र की बढ़ी हुई पानी की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए नये पंप हाउस और पाइप लाइन को बिछाने के लिए दो साल का समय दिया गया है लेकिन काम डेढ़ साल के भीतर पूरा किया जाना चाहिए।जिससे इस क्षेत्र में बिना किसी रुकावट के पानी की आपूर्ति संभव किया जाय।इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे,स्टेम के प्रबंध निदेशक संकेत घरत व अन्य लोग उपस्थित थे।

# ठाणे जिले में वाहनों के पंजीकरण में वृद्धि

- **ठाणे, मीरा भयंदर और भिवंडी में सबसे अधिक वाहन पंजीकृत**

**ठाणे.** ठाणे जिले में 1 जनवरी से 30 नवंबर तक क्षेत्रीय परिवहन विभाग में दो लाख 37 हजार 834 वाहनों का पंजीकरण किया गया है. 2023 की इसी अवधि में दो लाख नौ हजार 505 वाहन पंजीकृत किये गये. वाहनों में दोपहिया और कारों की बिक्री सबसे ज्यादा है. ठाणे, मीरा भायंदर और भिवंडी में सबसे अधिक संख्या में पंजीकरण दर्ज किए गए हैं.

ठाणे जिले में पिछले कुछ वर्षों में शहरीकरण में भारी वृद्धि हुई है. हालाँकि, बुनियादी ढाँचा और सड़क क्षमता अपेक्षाकृत अविकसित हैं. ठाणे जिले के कर्मचारी मुंबई या अन्य कार्यस्थलों तक पहुंचने के लिए अपने वाहनों का उपयोग करते हैं. साथ ही शहर से होकर भारी वाहनों का आवागमन होता है. इससे शहर की सड़कों पर वाहनों का बोझ आ गया है. दूसरी ओर जिले में वाहनों के निबंधन की संख्या भी बढ़ती जा रही है. वाहनों की संख्या बढ़ने से नागरिकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. वर्तमान में चार से पांच लोगों के परिवार में दो से तीन गाड़ियां खरीदी गई हैं. इसलिए, क्षेत्रीय परिवहन विभाग में वाहन पंजीकरण की मात्रा भी बढ़ रही है.



जिले में तीन उप-क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय हैं. इसमें ठाणे उप-क्षेत्रीय परिवहन प्रभाग में ठाणे, मीरा भयंदर और भिवंडी, कल्याण उप-क्षेत्रीय परिवहन प्रभाग में डोंबिवली से बदलापुर और वाशी उप-क्षेत्रीय परिवहन प्रभाग में नवी मुंबई शहर शामिल हैं. इन तीनों खंडों में इस साल यानी 1 जनवरी से 30 नवंबर तक दो लाख 37 हजार 834 वाहनों का रजिस्ट्रेशन हुआ. इसमें ठाणे उप-क्षेत्रीय परिवहन विभाग में 1 लाख 16 हजार 673 वाहन, कल्याण उप-क्षेत्रीय परिवहन विभाग में 82 हजार 174 वाहन, वाशी उप-क्षेत्रीय परिवहन यानी नवी मुंबई शहर में 38 हजार 987 वाहन पंजीकृत हैं. 2023 की इसी अवधि में ठाणे मंडल में एक लाख दो हजार 368, कल्याण मंडल में 71 हजार 780 और वाशी मंडल में 35 हजार 357 वाहन पंजीकृत हुए.

पंजीकृत अधिकांश वाहन दोपहिया और कारें हैं. ठाणे उपक्षेत्रीय परिवहन विभाग में 75 हजार 536 दोपहिया वाहन और 21 हजार 286 कारें पंजीकृत थीं. कल्याण उप-क्षेत्रीय परिवहन विभाग में 59 हजार 392 दोपहिया वाहन और 13 हजार 388 मोटरसाइकिलें पंजीकृत थीं और वाशी उप-क्षेत्रीय परिवहन विभाग में नौ हजार 689 मोटरसाइकिलें और 19 हजार 52 मोटरसाइकिलें पंजीकृत थीं.

> **यदि देश में वाहनों के नये उत्पाद आते हैं तो नागरिक उस उत्पाद को खरीदने लगते हैं. साथ ही कुछ लोगों को वाहन खरीदने की इच्छा भी होती है. इसलिए, वाहन पंजीकरण में वृद्धि हुई है.**
>
> **- हेमांगिनी पाटिल,** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, ठाणे.

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि

उल्हास विकास संपादकीय

## रेपो दर स्थिर

भारतीय रिजर्व बैंक ने एक बार फिर रेपो दर में कोई बदलाव न करने का फैसला किया है। यह ग्यारहवीं बार है, जब रेपो दर यथावत रखा गया। यह पिछले वर्ष की फरवरी से साढ़े छह फीसद पर बना हुआ है। इसका बोझ सबसे अधिक घर और वाहन के लिए कर्ज लेने वाले मध्यवित्त वर्ग को उठाना पड़ रहा है। इसलिए वे उम्मीद लगाए हुए थे कि अगर रेपो दर में कमी की जाएगी तो उनके कर्ज पर किस्तें कुछ कम होंगी। मगर महंगाई के ऊपर की तरफ बने हुए रुख दो देखते हुए रिजर्व बैंक ने फिलहाल इसमें किसी तरह का बदलाव करना उचित नहीं समझा।

रेपो दर वह ब्याज दर है, जिस पर बैंक रिजर्व बैंक से कर्ज लेते हैं। जाहिर है, उससे अधिक दर पर वे अपने ग्राहकों को कर्ज देते हैं। पिछले वर्ष रेपो दर में बढ़ोतरी का कुछ असर महंगाई पर देखा भी गया था। मगर इतनी लंबी अवधि का अनुभव यही है कि रेपो दर ऊंची रखने से महंगाई पर कोई बहुत असर नहीं पड़ रहा। बेशक, इसका कारोबार पर असर दिखने लगा है।

बैंकों के कारोबार पर पड़ते नकारात्मक प्रभाव को कम करने के मकसद से सीआरआर यानी आरक्षित नगद अनुपात में पचास आधार अंक की कटौती कर दी गई है। सीआरआर यानी जो रकम बैंकों को हमेशा अपने पास आरक्षित रखनी पड़ती है। मगर इससे बैंकों को कितनी मदद मिलेगी, दावा करना मुश्किल है। अब अर्थव्यवस्था की विकास दर में कई विसंगतियां नजर आने लगी हैं। चालू वित्तवर्ष की दूसरी तिमाही की विकास दर सरकार के लिए गंभीर चेतावनी की तरह आई है। ऊपर से महंगाई बेलगाम बनी हुई है। डालर के मुकाबले रुपए की कीमत चिंताजनक स्तर तक गिर चुकी है। विनिर्माण क्षेत्र हिचकोले खा रहा है। ऐसे में रेपो दर को यथावत रख कर महंगाई और विकास दर के बीच कैसे संतुलन बिठाया जा सकेगा, समझ से परे है। लंबे समय से लोगों की क्रयशक्ति बढ़ाने के व्यावहारिक उपाय आजमाने पर बल दिया जा रहा है, मगर सरकार तमाम दावों और वादों के बावजूद रोजगार सृजन और आय में विषमता के मोर्चे पर कोई ठोस उपाय नहीं जुटा पा रही है।

# न्यायपालिका से डगमगा सकता है लोगों का भरोसा

पिछले दिनों संसद में कानून एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन मेघवाल ने यह जानकारी दी कि देश भर में उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों के 1114 पदों में से 350 पद रिक्त हैं। इलाहाबाद उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों के कुल पद 160 हैं। इनमें से 74 पद रिक्त हैं। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में जजों के कुल 85 पद हैं, जिनमें से 31 पद खाली पड़े हुए हैं। बॉम्बे हाई कोर्ट में जजों के कुल 94 पद हैं, जिनमें से 28 पद खाली हैं। इसी तरह दिल्ली हाई कोर्ट के 60 में से 21 खाली हैं। कलकत्ता हाई कोर्ट में 72 में से 27, पटना हाई कोर्ट में 53 में से 19, राजस्थान हाई कोर्ट में 50 में से 18, मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में 53 में से 16 और तेलंगाना में 42 में से 14 पद खाली हैं। अन्य उच्च न्यायालयों में भी ऐसी ही स्थिति है। यह तय है, जब छह माह पहले रिक्त होने वाले पदों की सूचना देने का नियम है। लगता है कि इस पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जाता। एक समस्या यह भी देखने को मिलती है कि न्यायाधीशों के नामों का चयन होने और उन पर सरकार की स्वीकृति पाने में समय लगता है। कई बार न्यायाधीशों की नियुक्ति करने वाले कालेजियम की ओर से यह शिकायत भी सुनने को मिलता है कि सरकार समय पर न्यायाधीशों के नामों को हरी झंडी नहीं दिखाती।

यह ठीक नहीं कि उच्च न्यायालयों में बड़ी संख्या में न्यायाधीशों के पद रिक्त बने रहें। सरकार और कालेजियम के बीच कई बार जजों के नामों को लेकर इस कारण सहमति नहीं बन पाती, क्योंकि सरकार कुछ नामों को



लेकर संतुष्ट नहीं होती। कालेजियम व्यवस्था पर समय-समय पर प्रश्न उठते रहते हैं, क्योंकि वर्तमान में इस व्यवस्था के तहत जज ही जजों को नियुक्ति करते हैं। मोदी सरकार ने सत्ता में आने के बाद जजों की नियुक्ति के लिए एक नया कानून बनाया था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट को वह रास नहीं आया और उसने उसे रद कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट कुछ भी कहे, यह ठीक नहीं कि जज ही जजों की नियुक्त करें। किसी भी प्रतिष्ठित लोकतांत्रिक देश में ऐसा नहीं होता। जितना आवश्यक यह है कि समय पर न्याय देने की व्यवस्था बने, उतना ही यह भी कि कालेजियम व्यवस्था में बदलाव हो। बदलाव इसलिए भी आवश्यक है, क्योंकि खुद सुप्रीम कोर्ट ने माना था कि कालेजियम व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है। आखिर इस आवश्यकता की पूर्ति कब होगी?

समस्या केवल यह नहीं कि उच्च न्यायालयों में जजों के पद रिक्त हैं। समस्या यह भी है कि विभिन्न ट्रिब्यूनलों में न्यायाधीशों के पद खाली पड़े हैं। इसी तरह निचली अदालतों में न्यायाधीशों के पद रिक्त बने रहते हैं। किसी भी देश में नियम-कानूनों को लागू कराने में जो समस्याएं आड़े आती हैं, उनका निदान न्यायालयों को ही करना पड़ता है, लेकिन अपने देश में न्यायालय यह काम तत्परता से नहीं कर पाते। इसका एक कारण न्यायाधीशों की कमी के अलावा न्यायालयों में संसाधन का अभाव भी है। इसी तरह तारीख पर तारीख का सिलसिला भी समय पर न्याय उपलब्ध कराने में एक बड़ी बाधा है।

भारत एक विकासशील देश है। यदि देश को विकसित बनना है तो अन्य अनेक लक्ष्यों को पाने के साथ समय पर न्याय देना भी सुनिश्चित करना होगा। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि देश भर में निचली अदालतों से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक में पांच करोड़ से अधिक मुकदमे लंबित हैं। इनमें से तमाम ऐसे हैं, जो दशकों से लंबित हैं। यह भी आश्चर्य की बात है कि बड़ी संख्या में मुकदमे ऐसे हैं, जिनमें एक पक्ष जनता और दूसरा सरकार है। आखिर सरकार जनता से मुकदमेबाजी में क्यों उलझी रहती है? समय पर न्याय न मिलने से विकास की गति शिथिल होती है और कई आर्थिक-सामाजिक समस्याएं भी पैदा होती हैं।

मोदी सरकार के 10 वर्ष के कार्यकाल के बाद भी अगर कोई एक जरूरी काम नहीं हो सका है तो वह है समय पर न्याय देने की किसी ठोस व्यवस्था का निर्माण न होना। मोदी सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल में अंग्रेजों के जमाने में बने आपराधिक कानूनों की जगह तीन नए कानूनों पर अमल करना शुरू कर दिया है। इन्हें इसी जुलाई में अमल में लाना प्रारंभ किया गया। चंडीगढ़ इन कानूनों का अनुपालन करने वाला पहला केंद्र शासित राज्य बना।





हम चाहे इसे पहचानें या नहीं, लेकिन प्रभु ही वो धागा हैं जो हमारे जीवन की बुनाई में पिरोए हुए हैं।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# कर्जमाफी से लेकर पेंशन तक

एक बार फिर किसान अपनी मांगों के साथ आंदोलन करने सड़क पर उतर आए हैं। साफ है कि यह प्रश्न और उससे उपजी स्थितियों के प्रति सरकार बहुत ज्यादा सरोकार नहीं रखती। वरना क्या वजह है कि लंबे समय से अपने सवालों पर किसानों के सामने आंदोलन के अलावा कोई विकल्प नहीं बचता है और सरकार इस मसले पर कोई हल निकालने के आश्वासन से आगे कुछ ठोस करती नहीं दिखती। क्या सरकार की नजर में किसानों के मुद्दे विचार के लायक नहीं हैं या फिर वह इसे सुलझाने के लिए ईमानदारी से कुछ करना नहीं चाहती!

गौरतलब है कि पंजाब और हरियाणा की शंभू सीमा से एक सौ एक किसानों के जत्थे ने शुक्रवार को दिल्ली के लिए पैदल मार्च करना शुरू किया था, लेकिन वहां उन्हें पुलिस ने निषेधाज्ञा लागू होने का हवाला देकर रोक दिया। इसके बाद हुए हंगामे के बीच पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े, जिसमें कुछ किसानों के घायल होने की खबर आई। फिलहाल किसानों ने जत्थे को रोकने की बात कही है। कई इलाकों में इंटरनेट भी निलंबित किया गया। जाहिर है, किसान और सरकार फिर आमने-सामने हैं।

हालांकि किसानों के प्रदर्शन के बीच राज्यसभा में सरकार की ओर से इस बात का भरोसा दिलाया गया है कि वह सभी कृषि उपज को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदेगी। दरअसल, कर्जमाफी, किसान और खेत मजदूरों के लिए पेंशन और बिजली की दरों में बढ़ोतरी न करने के अलावा किसानों की एक मुख्य मांग न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी लागू करने को लेकर है। इस लिहाज से सरकार की घोषणा महत्त्वपूर्ण है। मगर क्या केवल आश्वासनों के बूते समस्या



का समाधान निकाला जा सकता है? यह समझना मुश्किल है कि किसानों की मांगों में न्यूनतम समर्थन मूल्य का सवाल पिछले कई वर्षों से बना हुआ है, मगर अब भी सरकार की ओर से कोई स्थायी हल निकालने के बजाय व्यावहारिक कदम उठाने का सिर्फ भरोसा दिया जाता है। जबकि तीन कृषि कानूनों के मुद्दे पर महीनों चले आंदोलन के समय भी इस समस्या के समाधान का आश्वासन दिया गया था। यही वजह है कि किसान अब इस मसले पर कानूनी गारंटी चाहते हैं।

यह जगजाहिर है कि सरकार और किसानों के बीच खींचतान से जो हालात पैदा होते हैं, उससे आम लोग भी बुरी तरह प्रभावित होते हैं। किसानों के दिल्ली कूच करने या फिर उन्हें आगे बढ़ने से रोकने के लिए पुलिस की ओर से किए इंतजामों की वजह से सड़कें बाधित होती हैं। इसका खमियाजा वैसे तमाम लोगों को भुगतना पड़ता है, जो अपने जरूरी काम से गंतव्य की ओर जा रहे होते हैं। सरकार यह सफाई दे सकती है कि आम लोगों का रास्ता किसानों के आंदोलन की वजह से बाधित होता है, लेकिन आखिर किसानों को बार-बार सड़क पर उतरने की नौबत क्यों आती है?

क्या सरकार और आंदोलनकारी किसानों की ओर से ऐसे उपाय नहीं किए जा सकते कि रास्ता और आम लोगों की आवाजाही बाधित न हो? सुप्रीम कोर्ट भी कह चुका है कि किसानों को अपनी मांग रखने का हक है, लेकिन आम लोगों को परेशानी नहीं होनी चाहिए। दिल्ली में कोई ऐसी जगह निर्धारित की जा सकती है, जहां किसान भी अपने मुद्दों के साथ प्रदर्शन कर सकें। मगर सबसे ज्यादा जरूरी यह है कि सरकार अब किसानों की मांगों को लेकर अपनी ईमानदार इच्छाशक्ति दिखाए और सबकी सहमति पर आधारित कोई स्थायी हल निकाले।

# एक हाथ कोट में डालकर अपना चित्र क्यों बनवाते थे लोग?

अगर आप इतिहास के छात्र रहे होंगे, या कभी किसी म्यूजियम में गए होंगे, या फिर 18वीं-19वीं सदी के महान

**जरा हट के**

लोगों के चित्र देखे होंगे, तो एक बात आपने जरूर गौर की होगी, वो ये कि उस दौर के अधिकतर पुरुषों के पोर्ट्रेट में उनका एक हाथ उनके कोट के अंदर होता था और दूसरा बाहर. इस फेमस पोज में नेपोलियन से लेकर अन्य कई चर्चित लोगों की मूर्तियां नजर आई हैं. तो सवाल ये उठता है कि आखिर गुजरे जमाने के लोग एक हाथ कोट में डालकर अपना चित्र क्यों बनवाते थे? ये उस दौर का एक बड़ा राज है, जिसकी वजह शायद ही किसी को पता होगी.



रीडर्स डायजेस्ट वेबसाइट की रिपोर्ट के अनुसार फ्रांस के पूर्व राजा नेपोलियन बोनापार्ट से लेकर सोवियत यूनियन के पूर्व प्रधानमंत्री जोसफ स्टालिन तक की ऐसे फोटोज आपको इंटरनेट पर मिल जाएंगी जिसमें उनका एक हाथ शर्ट या उनके कोट के अंदर है. दरअसल, ये एक किस्म की प्रथा थी जिसकी शुरुआत 1700 के आसपास मानी जाती है. टुडे आई फाउंड आउट वेबसाइट का संदर्भ लेते हुए वेबसाइट में बताया गया है कि प्राचीन ग्रीस में दोनों हाथों को दिखाते हुए बात करना अशिष्टता की निशानी थी.

### प्राचीन ग्रीस से जुड़े हैं इस पोज के तार

इस वजह से छठी शताब्दी ईसा पूर्व के के महान वक्ता सोलोन आदि के चित्रों में उन्हें उनके लबादे के अंदर हाथ डालकर बोलते हुए दिखाया गया है. 17वीं, 18वीं और 19वीं सदी के चित्रकारों को चित्र बनाने के लिए और अपने सब्जेक्ट को पोज सुझाने के लिए प्राचीन काल के महान वक्ताओं का अंदाज पसंद आया. इस वजह से उन्हें मिसाल बनाकर इस दौर में भी लोगों ने उसी तरह पोज देना शुरू किया. उन्होंने एक हाथ को कोट के अंदर रख लिया, जिससे वो चित्र में ज्यादा बुद्धिजीवी नजर आएं.

# कई समस्याओं का समाधान है आयुर्वेदिक डिटॉक्स चाय

### एक्सपर्ट ने फायदे के साथ बताया बनाने का तरीका

सेहत से जुड़ी किसी भी तरह की परेशानी होने पर ज्यादातर लोग दवाइयां खाना शुरू कर देते हैं। लेकिन इनके कई साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। अगर आपको कोई ऐसी समस्या है जिसका घरेलू इलाज किया जा सकता है तो इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता है। कई तरह की कॉमन समस्याओं से निपटने के लिए आयुर्वेदिक चाय पी जा सकती है। आयुर्वेदिक डॉक्टर दीक्षा भावसार ने हाल ही में एक आयुर्वेदिक डिटॉक्स चाय के बारे में बताया है जो कई दिक्कतों को दूर कर सकती है। जानिए, इस चाय के फायदे और बनाने का तरीका।

### क्या है ये चाय

इस आयुर्वेदिक चाय को सीसीएफ टी भी कहा जाता है। जीरा, धनिया और सौंफ से बनने वाली इस चाय को पीने से पाचन संबंधी फायदे भी मिलते हैं। एक्सपर्ट ने इस चाय के कुछ फायदों के बारे में बताया है। जानिए-

- सूजन से राहत
- पेट फूलना कम करें
- आंत में ऐंठन को शांत करें
- मुंहासों कम
- पेट दर्द कम
- भूख को उत्तेजित
- मतली और उल्टी को कम
- लिवर और किडनी डिटॉक्स करे
- पीरियड्स की ऐंठन को शांत करे
- ब्लड शुगर को संतुलित करने में मदद
- मानसिक स्पष्टता को बढ़ावा
- फैटी लीवर के लिए बेस्ट



### कैसे बनाएं आयुर्वेदिक चाय

इस चाय को बनाने के लिए आपको चाहिए-

- जैविक जीरा
- धनिया के बीज
- सौंफ के बीज

### कैसे बनाएं ये चाय

इस चाय को बनाने के लिए सबसे पहले एक जार में चाय तैयाक कर लें। इसके लिए सभी चीजों को बराबर मात्रा में मिलाएं और एक कांच के जार में रखें। फिर चाय बनाने के लिए पैन में एक लीटर पानी गर्म करें और हर व्यक्ति के मुताबिक1 चम्मच जीरा, सौंफ, धनिया के मिलाए और इसे कम से कम 7-10 मिनट तक उबलते पानी में रहने दें। उबलने के बाद इसे छनकर पीएं

### क्या है इस चाय को पीने का सही समय

इस चाय को पीने का सही समय जरूर जान लें। ये चाय सुबह खाली पेट और खाने के 1 घंटे बाद ले सकते हैं। हालांकि, प्रेग्नेंसी के समय अपने स्त्री रोग विशेषज्ञ की सलाह के बिना इसे खाने से बचना चाहिए क्योंकि सौंफ के बीज पीरिय* फ्लो को उत्तेजित कर सकते हैं या खून के थक्के बनने की क्षमता में परेशानी कर सकते हैं।

### इन लोगों के लिए बेस्ट

अगर आपको या फिर आपके किसी भी जानने वाले तो पाचन संबंधी समस्याओं, थायरॉइड, बांझपन, हार्मोनल समस्याओं, डायबिटीज, पीसीओएस से पीड़ित है और आयुर्वेदिक तरीके से ठीक होना चाहते हैं तो ये उनके लिए काफी अच्छी साबित हो सकती है।

# सर्दियों में कब और कितनी देर जमाएं दही?



सर्दी हो या गर्मी लोग दही का सेवन जरूर करते हैं. दही में भरपूर कैल्शियम की मात्रा होती है, जो हड्डियों के लिए बेहद फायदेमंद है. दही खाने से हड्डियों और दातों को मजबूती मिलती है. इतना ही नहीं दही चेहरे और बालों में लगाने से कई स्किन और हेयर रिलेटेड प्रॉब्लम दूर होती हैं. कुछ लोग दही मार्केट से खरीद कर खाते हैं, तो काफी लोग इसे घर पर जमाना पसंद करते हैं. कई बार असली-नकली होने के कारण भी लोग बाहर का खाने से परहेज करते हैं.

### कब और कैसे जमाना चाहिए दही?

दही का फर्मेंटेशन इतनी ही देर करें ताकि वे शरीर के लिए फायदेमंद साबित हो ना कि नुकसान पहुंचाए. अधिक फर्मेंटेशन के कारण पेट में मौजूद माइक्रोब्स को सपोर्ट नहीं करेगा, बल्कि स्वयं के बायोम को बनाना शुरू कर देगा. इससे आपके आंतों की सेहत भी बिगड़ सकती है.

### घर में दही जमाने का सही तरीका

जब भी आप घर में दही जमाएं तो समय का खास ध्यान दें. अधिक देर तक जमाने से इसका फर्मेंटेशन भी अधिक होगा, जो पाचन शक्ति के लिए हानिकारक हो सकता है. दही वही बेहतर जमी हुई माना जाती है, जो खाने में मीठी हो न कि बहुत अधिक खट्टी. थोड़ी बहुत खट्टी हो तो ठीक है. बहुत अधिक खट्टी दही खाने से परहेज करना चाहिए. मौसम के अनुसार दही जमाने का समय अलग है. वे कहते हैं कि गर्मी में 4-5 घंटे तक ही जमाएं. वहीं, सर्दियों में रात भर दही जमाने के लिए छोड़ सकते हैं. इस तरह से आप मीठा दही खाने का मजा ले सकेंगे.

### जमी हुई दही को निकालने का तरीका

कुछ लोग जमी हुई दही को बर्तन में सही से नहीं निकालते हैं. हमेशा दही को चम्मच से किनारे की तरफ से ही निकालें. इससे दही टूटेगी नहीं. बीच में चम्मच डालकर निकालने से पूरी दही टूट जाती है. यदि आप खानपान में कोई भी चीज सही तरीके और सही मात्रा में शामिल करें तो आपको फायदा ही होगा.

# पनीर रोटी

खाना-खजाना

**प्रोटीन रिच फूड हेल्दी होने की जरूरत है। लेकिन वेजिटेरियन लोगों के लिए प्रोटीन के जितने भी सोर्स है कई बार बच्चे उसे खाने से मना कर देते हैं। दाल, चना, मूंग जैसी चीजों से ज्यादातर बच्चे भागते हैं। ऐसे में हर दिन उनके खाने में प्रोटीन को कैसे शामिल किया जाए। इसका सबसे आसान सॉल्यूशन है पनीर की रोटी। जिसे बच्चे क्या बड़े भी बड़े चाव से खाते हैं। साथ ही आपके रोज खाने में प्रोटीन की मात्रा बैलेंस करने का झंझट भी खत्म हो जाएगा। तो सीख लें प्रोटीन रिच पनीर रोटी बनाने की बिल्कुल आसान रेसिपी।**

**सामग्री :**

- एक कप गेंहू का आटा
- 100 ग्राम पनीर
- एक चम्मच घी या तेल

**विधि :**

-सबसे पहले घर में पनीर को बना लें। घर में बना पनीर ना मिलावट फ्री होता है। ऐसे में आप बच्चों को आराम से बिना किसी चिंता के इसे रोज खिला सकती हैं।

-सबसे पहले पनीर को क्रश कर लें।



-अब गेंहू के आटे में पनीर को मिलाएं और हाथों से मिक्स करें।

-घर के पनीर में पानी की मात्रा होती है। इसलिए अलग से पानी ना डालें।

-पनीर की मदद से ही आटा गूंथें। अगर जरूरत हो तो एक से दो चम्मच ले सकती हैं।

-कुछ ही देर में आटा गूंथकर तैयार हो जाएगा।

-आप चाहें तो स्वाद बढ़ाने के लिए आटे में नमक, हरी धनिया, कुटी लाल मिर्च जैसे मसाले मिला सकती हैं।

# आज का राशिफल

**मेष :** आज वाहन या मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। जरा सी लापरवाही से अधिक हानि हो सकती है। पुराना रोग बाधा का कारण बन सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। अपेक्षित कार्यों में विलंब हो सकता है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। पार्टनरों से मतभेद संभव है। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**वृषभ :** पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। अनहोनी की आशंका रहेगी। शत्रुभय रहेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। रुके हुए कार्यों में गति आएगी। सभी अपेक्षित कार्य पूर्ण होंगे।

**मिथुन :** बाहरी प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से अनबन हो सकती है। स्थायी संपत्ति खरीदने-बेचने की योजना बन सकती है। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। छोटे भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा।

**कर्क :** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। व्यापार में अधिक लाभ होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। लेन-देन में सावधानी रखें।

**सिंह :** पारिवारिक समस्याओं में इजाफा होगा। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। भागदौड़ रहेगी। दूर से बुरी खबर मिल सकती है। विवाद को बढ़ावा न दें। बनते कामों में बाधा हो सकती है। दूसरों से अपेक्षा न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। कुसंगति से हानि होगी।

**कन्या :** आज पुराने किए गए प्रयासों का लाभ मिलना प्रारंभ होगा। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। किसी बड़े काम करने की योजना बनेगी। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। सुख के साधन जुटेंगे। पराक्रम बढ़ेगा। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा। किसी पारिवारिक आयोजन का हिस्सा बन सकते हैं। निवेश शुभ रहेगा।

**वृश्चिक :** शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी। आय में वृद्धि होगी। निवेश शुभ रहेगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

**धनु :** आज यात्रा में सावधानी रखें। जल्दबाजी से हानि होगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूसरों के कार्य में दखल न दें। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा। आय में निश्चितता रहेगी।

**मकर :** कोई बड़ी बाधा आ सकती है। राजभय रहेगा। जल्दबाजी से काम बिगड़ेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। किसी के व्यवहार से स्वाभिमान को चोट पहुंच सकती है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में अनुकूलता रहेगी।

**कुंभ :** नई योजना बनेगी जिसका लाभ तुरंत नहीं मिलेगा। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। चिंता तथा तनाव हावी रहेंगे। सभी तरफ से सफलता प्राप्त होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। व्यापार में वृद्धि होगी। आय बढ़ेगी। प्रसन्नता रहेगी।

**मीन :** किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होगा। आज कोर्ट व कचहरी के काम बनेंगे। अध्यात्म में रुचि बढ़ेगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा। माता को बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें। विवेक से कार्य करें।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# दिमाग को तेज-तर्रार बनाती हैं सुबह की ये आदतें

**आपकी दिनचर्या में खासतौर से सुबह के दौरान कुछ खास आदतों का शामिल होना बेहद जरूरी है। ये आदतें आपकी दिमागी सेहत को बनाए रखती हैं, मेमोरी बूस्ट करने में मदद करती हैं और साथ ही कंसंट्रेशन लेवल भी इंक्रीज करती हैं।**

### मेडिटेशन या ध्यान को बनाएं दिनचर्या का हिस्सा

भागदौड़ भरी जिंदगी में ना हम रुकते हैं ना ही हमारा दिमाग रुकता है। ऐसी स्थिति में दिमाग को थोड़ा सा रिलैक्स करने की जरूरत है और इसके लिए मेडिटेशन और ध्यान से बेहतर कुछ भी नहीं। इसलिए सुबह के समय थोड़ा सा समय निकालें और अपनी सांसों पर ध्यान केंद्रित करें। आप धार्मिक तरीके से भी ध्यान लगा सकते हैं। इससे आपका दिमाग शांत और स्थिर होता है, साथ ही एकाग्रता भी बढ़ती है।

### पौष्टिक नाश्ते से करें दिन की शुरुआत

हमारी मानसिक और शारीरिक सेहत दोनों पर ही खानपान का असर सबसे ज्यादा होता है। खासतौर से सुबह का नाश्ता दिन



की सबसे स्पेशल मील होता है, जिसे हर हाल में पौष्टिक होना चाहिए। इसलिए सुबह ज्यादा तले-भुने खाने की जगह सात्विक आहार का सेवन करें। ऐसा नाश्ता चुनें तो प्रोटीन, फाइबर, विटामिन सी, विटामिन बी, ओमेगा थ्री जैसे पोषक तत्वों का खजाना हो। ये सभी आपके दिमाग को तेज बनाने और मेमोरी बूस्ट करने में काफी फायदेमंद होते हैं।

### मानसिक कसरत को बनाएं दिनचर्या का हिस्सा

हम अपने शरीर को फिट रखने के लिए जिस तरह फिजिकल एक्सरसाइज करते हैं, उसी तरह अपनी दिमागी सेहत को दुरुस्त रखने के लिए भी हमें अपनी दिनचर्या में कुछ मानसिक व्यायाम शामिल करने चाहिए। इसके लिए आप कोई भी पहेलियां हल करना, क्रॉसवर्ड या सुडोकू सॉल्व करना, कोई पजल सॉल्व करना या फिर चेस जैसे दिमागी खेल खेल सकते हैं। ये मजे-मजे में आपके ब्रेन को और भी ज्यादा शार्प और अलर्ट बनाने का काम करते हैं।

### सुबह की धूप जरूर लें

रोज सुबह उठकर हल्की धूप में कुछ देर के लिए जरूर बैठें। इससे न सिर्फ आपकी बॉडी को विटामिन डी मिलता है, बल्कि आपका मूड भी बेहतर होता है और निराशा की भावना भी धीरे-धीरे आशा में बदल जाती है। रोजाना दस मिनट के लिए भी यदि आप धूप में बैठते हैं तो दिमाग में डोपामाइन हार्मोन का लेवल सही रहता है, जिससे आपका दिमाग शांत और स्वास्थ्य बना रहता है।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### प्लॉट दिखाने के बहाने गैंगरेप

**गोरखपुर.** गोरखपुर के झंगहा क्षेत्र की रहने वाली एक महिला के साथ कुसम्ही जंगल में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि क्षेत्र के एक प्रॉपर्टी डीलर ने जमीन मालिक के साथ मिलकर जंगल में ले जाकर उसके साथ गैंगरेप किया गया। पीड़िता ने बताया कि उसके पति मुंबई में पेंट पॉलिश का काम करते हैं। वह झंगहा क्षेत्र स्थित अपने मायके में रहती है। मकान बनवाने के लिए उसे जमीन की जरूरत थी। वह कई जगह जमीन देख रही थी। इसी दौरान उसकी मुलाकात जंगल सिकरी के रहने वाले एक प्रॉपर्टी डीलर से हुई। उसने कई जगह जमीन दिखाई। अगले दिन 30 नवंबर को दोपहर 12:30 बजे करीब मिलने की बात तय हुई। 30 नवम्बर को प्रॉपर्टी डीलर ने जंगल सिकरी बुलाया और जमीन के मालिक से मिलाने के लिए मोटर साइकिल से नंदानगर ले गया। वहां कुछ देर इंतजार करने के बाद कहा कि मालिक बुढ़िया माई मंदिर में मिलेंगे और वहां लेकर चल दिया।

### सिरफिरे आशिक की खौफनाक हरकत, छात्रा को गोली मारने के बाद की आत्महत्या

**संभल.** यूपी के संभल से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां एक सिरफिरे आशिक ने कॉलेज से लौट रही बीएससी थर्ड ईयर की छात्रा की गोली मार दी फिर खुद को भी गोली से उड़ा लिया। युवती के परिजनों और पुलिस ने छात्रा को असमोली सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। छात्रा की मां का आरोप है कि हत्यारोपी बेटी को काफी समय से धमका रहा था कि अगर वह उससे बात नहीं करेगी तो उसकी हत्या करके खुद भी मर जाएगा। छात्रा के पिता की शिकायत पर मृतक युवक के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। ये घटना असमोली थाना क्षेत्र के टांडाकोठी-गुमसानी मार्ग का है।

### एथलीट के यौन शोषण में कोच को 7 साल की कैद, अश्लील फिल्म दिखाकर की थी छेड़छाड़

**बरेली.** यूपी के बरेली में विशेष जज पॉक्सो एक्ट कुमार मयंक की कोर्ट ने नाबालिग एथलीट से नैनीताल होटल में छेड़छाड़ और दुष्कर्म की कोशिश के मामले में कोच साहिबे आलम को दोषी करार देते हुए सात साल की कैद की सजा सुनाई है। विशेष कोर्ट ने कोच पर 10,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। कोर्ट ने जुर्माना की पूरी राशि पीड़िता को देने का आदेश दिया है। विशेष लोक अभियोजक शुभव मिश्रा और सीपी गुप्ता ने बताया कि नाबालिग एथलीट के पिता ने थाना बारादरी में चार जनवरी 2018 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें कहा गया था कि उनकी नाबालिग बेटी शहर के एक कॉलेज में हाईस्कूल की छात्रा है और राष्ट्रीय स्तर की एथलीट है। वह स्पोर्ट्स स्टेडियम में कोच साहिबे आलम से ट्रेनिंग ले रही थी।

### खड़े ट्रक में पीछे से टकराई पिकअप, दो लोगों की मौत, दो गंभीर रूप से घायल

**अमेठी.** अमेठी के मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के कपूरचन्दपुर गांव के पास फोरलेन हाइवे बाईपास पर सुबह लगभग पांच बजे एक पिकअप ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में पिकअप सवार दो लोगों की मौत हो गयी जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सुलतानपुर जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस को मामले की जानकारी दी गई है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

# शरद पवार बोले- महायुति की जीत से लोगों में नाराजगी

- पार्टियों को मिले वोटों और जीती सीटों में अंतर
- फडणवीस बोले- देश को गुमराह न करें



**मुंबई.** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव रिजल्ट पर अब NCP (SP) प्रमुख शरद पवार ने सवाल उठाया है। पवार ने कहा, ₹यह सच है कि हम हार गए। हमें चिंता नहीं करनी चाहिए, बल्कि लोगों के पास जाना चाहिए, क्योंकि रिजल्ट को लेकर लोगों में कोई उत्साह नहीं दिख रहा है। बहुत नाराजगी है।

पवार ने शनिवार को कोल्हापुर में कहा था कि चुनाव में राजनीतिक दलों को मिले वोटों और जीती सीटों की तुलना हैरान करने वाली है। कांग्रेस को 80 लाख वोट मिले और उसने 15 सीटें जीतीं, जबकि एकनाथ शिंदे की शिवसेना को 79 लाख वोट मिले और वह 57 सीटों पर जीती। पवार ने कहा- अजित पवार की NCP को 58 लाख वोट मिले और उसने 41 सीटें जीतीं, जबकि मेरी पार्टी NCP (SP) को 72 लाख वोट मिले और हमें केवल 10 सीटों पर जीत मिली। ये आंकड़े हैरान करने वाले हैं।

शरद पवार के बयान पर CM देवेंद्र फडणवीस ने कहा, 'वरिष्ठ नेता होने के नाते शरद पवार को देश को गुमराह नहीं करना चाहिए। यदि आप हार स्वीकार कर लेंगे तो आप इससे बाहर आ जाएंगे। मैं उम्मीद करता हूं आप अपने सहयोगियों को आत्मनिरीक्षण की सलाह देंगे।'

### पवार के सवाल पर फडणवीस ने आंकड़े गिनाए

- फडणवीस ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा को महाराष्ट्र में 1 करोड़ 49 लाख 13 हजार 914 वोट मिले और 9 सीटें मिलीं। कांग्रेस को 96 लाख 41 हजार 856 वोट मिले और 13 सीटें मिलीं।
- शिवसेना (UBT) को 73 लाख 77 हजार 674 वोट मिले और उसने 7 सीटें जीतीं, जबकि NCP (SP) को 58 लाख 51 हजार 166 वोट मिले और उसने 8 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल की।
- 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 87 लाख 92 हजार 237 वोट मिले और उसे सिर्फ 1 सीट पर जीत मिली, जबकि अविभाजित NCP को 83 लाख 87 हजार 363 वोट मिले लेकिन उसने 4 सीटें जीतीं।

# राजस्थान में स्कूली बच्चों की बस पलटी, 3 की मौत



- पिकनिक के लिए जा रहे थे
- 17 स्टूडेंट्स गंभीर घायल

**राजसमंद.** राजसमंद जिले में स्कूली बच्चों की बस पलट गई है। हादसे में 3 बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, हेडमास्टर समेत 17 स्टूडेंट्स गंभीर घायल हैं। पुलिस के अनुसार से बस में बच्चों, टीचर और ड्राइवर समेत कुल 67 बच्चे सवार थे। जिले के देसूरी नाल में रविवार सुबह करीब 10:30 बजे हुए हादसे का कारण बस के ब्रेक फेल होना बताया जा रहा है।

हेडमास्टर और 16 बच्चों का राजसमंद के आरके हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। 37 बच्चों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी। जानकारी के अनुसार, बस चारभुजा (राजसमंद) से देसूरी (पाली) की ओर जा रही थी। इसमें राछिया (आमेट, राजसमंद) के महात्मा गांधी स्कूल के बच्चे थे। बच्चे पाली के परशुराम महादेव मंदिर दर्शन और पिकनिक के लिए जा रहे थे। वे सुबह 8 बजे स्कूल से निकले थे। पंजाब मोड़ घाटी में बस बेकाबू होकर पलट गई। गुस्साए परिजनों ने दोपहर 1:15 बजे चारभुजा सीएचसी के बाहर चारभुजा-राजसमंद रोड को जाम कर दिया।

### सीरियाई राष्ट्रपति देश छोड़कर भागे

**दमिश्क.** सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल-असद देश छोड़कर भाग चुके हैं। रॉयटर्स के मुताबिक सेना ने असद के देश छोड़ने की पुष्टि करते हुए कहा कि राष्ट्रपति की सत्ता खत्म हो चुकी है। सीरिया में पिछले 11 दिनों से विद्रोही गुटों और सेना के बीच कब्जे के लिए लड़ाई चल रही थी। विद्रोही लड़ाकों ने राजधानी दमिश्क पर कब्जा कर लिया है। असद के देश छोड़ने के बाद सीरियाई PM ने विद्रोहियों को सत्ता सौंपने का प्रस्ताव दिया है। PM मोहम्मद गाजी अल जलाली ने एक वीडियो में कहा है कि वो देश में ही रहेंगे और जिसे भी सीरिया के लोग चुनेंगे.

# महाराष्ट्र में 103 किसानों को वक्फ बोर्ड का नोटिस

- 300 एकड़ जमीन पर दावा किया
- किसान बोले- वक्फ हमारे पुश्तैनी खेत हड़पना चाहता है



**लातूर.** महाराष्ट्र में किसानों ने शनिवार को आरोप लगाया है कि राज्य वक्फ बोर्ड उनकी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहा है। दरअसल, करीब 300 एकड़ जमीन पर दावे का मामला महाराष्ट्र स्टेट वक्फ ट्रिब्यूनल में चल रहा है। इस संबंध में बोर्ड ने लातूर के 103 किसानों को नोटिस भेजा है। मामलें में दो सुनवाई हो चुकी हैं। अगली सुनवाई 20 दिसंबर को होनी है।

इस पर किसानों ने दावा किया है कि यह वक्फ की संपत्ति नहीं है, उनकी पुश्तैनी जमीन है। वे पीढ़ियों से इस पर खेती करते आ रहे हैं। किसानों ने महाराष्ट्र सरकार से न्याय दिलाने की अपील की है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष समीर काजी ने इससे इनकार किया है। उन्होंने मीडिया को बताया कि बोर्ड की तरफ से किसी को नोटिस नहीं भेजा गया है। किसी जमीन पर दावा भी नहीं किया गया है। एक व्यक्ति ने ट्रिब्यूनल में अपील की है, सिर्फ उसे नोटिस भेजा गया है।

मोदी सरकार वक्फ बोर्ड कानून में बदलाव करना चाहती है

मोदी सरकार वक्फ बोर्ड एक्ट में करीब 40 बदलाव करना चाहती है। इसी साल मानसून सत्र में 8 अगस्त को लोकसभा में वक्फ बिल पेश किया था। कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों ने इसे मुस्लिम विरोधी बताया था। विपक्ष की आपत्ति और विरोध के बाद ये बिल लोकसभा में बिना किसी चर्चा के जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (JPC) को भेज दिया गया।

इसकी अध्यक्षता भाजपा सांसद जगदंबिका पाल कर रहे हैं। JPC में 31 सदस्य हैं, जिसमें लोकसभा से 21 और राज्यसभा से 10 मेंबर हैं। JPC को सभी हितधारकों से चर्चा कर रिपोर्ट तैयार करनी है, जिसे शीतकालीन सत्र में पेश करने को कहना गया था।

JPC की 8 बैठक हो चुकी हैं। 8वीं बैठक में 28 नवंबर को JPC का कार्यकाल बढ़ाने का फैसला किया गया। इसके बाद JPC की रिपोर्ट 2025 के बजट सत्र के अंतिम दिन तक पेश करने की बात कही गई है।

# DMK बोली - ममता की पार्टी क्षेत्रीय

- वे सिर्फ बंगाल में INDIA का नेतृत्व करें
- गठबंधन में 10 पार्टियां, वे मिलकर डिसाइड करें



**नई दिल्ली.** ममता बनर्जी के INDIA गठबंधन के नेतृत्व वाले बयान पर DMK ने नाराजगी जताई है। डीएमके के नेता केएस एलंगोवन ने कहा, इसका फैसला गठबंधन को करना है। INDIA गठबंधन में कम से कम 10 पार्टियां हैं और कांग्रेस एक नेशनल है जबकि ममता बनर्जी की टीमएसी एक राज्य स्तरीय पार्टी हैं। वह अपने राज्य में गठबंधन का नेतृत्व कर सकती हैं।

दरअसल पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हरियाणा-महाराष्ट्र और उपचुनावों में INDIA ब्लॉक के खराब प्रदर्शन को लेकर नाराजगी जताई है। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा, 'मैंने INDIA गठबंधन बनाया। इसका नेतृत्व करने वाले इसे ठीक से नहीं चला सकते, तो मुझे मौका दें। मैं बंगाल से ही गठबंधन का नेतृत्व करने के लिए तैयार हूं।'

### ममता के बयान को सपा-शिवसेना का समर्थन

ममता बनर्जी के बयान का शिवसेना (UBT) के सांसद संजय राउत और समाजवादी पार्टी (SP) ने समर्थन किया है। राउत ने शनिवार को कहा, 'हम भी चाहते हैं कि वे विपक्षी INDIA गठबंधन की प्रमुख भागीदार बनें। चाहे वह ममता बनर्जी हों, अरविंद केजरीवाल हों या शिवसेना, हम सभी एक साथ हैं। हम जल्द ही कोलकाता में ममता बनर्जी से बात करने जाएंगे।'

वहीं, सपा नेता उदयवीर सिंह ने भी ममता बनर्जी के बयान का समर्थन किया। उन्होंने शनिवार को कहा, 'लोकसभा चुनाव में यूपी की 80 सीटों में से सपा ने 37 सीटें जीतीं। पश्चिम बंगाल में TMC ने 42 सीटों में से 29 सीटें जीतीं। भाजपा को इन दो राज्यों में 35 सीटों का नुकसान हुआ। सभी दल सहमत हों तो सपा ममता का समर्थन करेगी।'

भाजपा ने INDIA गठबंधन में नेतृत्व को लेकर ममता के बयान पर कहा- विपक्ष के नेताओं को राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के नेतृत्व पर भरोसा नहीं है। वे अब भी राहुल को राजनीति का कच्चा खिलाड़ी समझते हैं।

### ढाका में इंडियन हाई कमीशन के सामने विरोध-प्रदर्शन

**ढाका.** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (BNP) ने रविवार को इंडियन हाई कमीशन के सामने भारत के विरोध में लॉन्ग मार्च निकाला। हालांकि पुलिस ने इस मार्च को बीच में ही रोक दिया। इसके बाद BNP के एक प्रतिनिधि गुट को पुलिस की मदद से इंडियन हाई कमीशन को ज्ञापन सौंपने की इजाजत दी गई।

BNP के जॉइंट जनरल सेक्रेटरी रूहुल कबीर रिजवी ने इस दौरान भारत विरोधी बयान दिए। रिजवी ने कहा- भारत हर कदम पर बांग्लादेश को नुकसान पहुंचा सकता है। उसने शेख हसीना को इसलिए शरण दी क्योंकि उसे बांग्लादेश के लोग पसंद नहीं हैं। भारत किसी से दोस्ती नहीं कर सकता।

# सत्यपाल मलिक का भी उठा राहुल गांधी से भरोसा

- बोले- ममता या उद्धव को बनाओ नेता



**नई दिल्ली.** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इंडिया (INDIA) गठबंधन के नेतृत्व पर अपना दावा ठोका है। कांग्रेस इस दावे से असहज हो गई है। लेकिन समाजवादी पार्टी और शरद पवार की एनसीपी ने ममता के नाम का समर्थन किया है। इस बीच पूर्व गवर्नर सत्यपाल मलिका ने भी अपनी राय व्यक्त की है। उनका कहना है कि अगर इंडिया गठबंधन के सभी दल ममता बनर्जी को अपने नेता के रूप में आगे लाते हैं, तो यह गठबंधन निश्चित रूप से सफल होगा। उन्होंने ममता बनर्जी और उद्धव ठाकरे को इंडिया गठबंधन के लिए सबसे अच्छा नेता माना है।

उन्होंने कहा, "आज के समय में इंडिया गठबंधन के लिए सबसे मजबूत नेता कोई है तो वह ममता बनर्जी हैं। अगर इंडिया गठबंधन के सभी दल ममता बनर्जी को अपने नेता के रूप में आगे आने दें तो यकीनन इंडिया गठबंधन सफल होगा। इंडिया गठबंधन के लिए सबसे अच्छे नेता ममता बनर्जी और उद्धव ठाकरे जी हैं।"

### पवार ने ममता को बताया काबिल नेता

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के प्रमुख शरद पवार ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के उस बयान का समर्थन किया है जिसमें उन्होंने 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) की अगुवाई करने की इच्छा जाहिर की है। शरद पवार ने शनिवार को कोल्हापुर में संवाददाताओं ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस प्रमुख एक काबिल नेता हैं और उन्हें विपक्षी गठबंधन का नेतृत्व करने की इच्छा जाहिर करने का अधिकार है।

# हरियाणा-पंजाब बॉर्डर से किसानों ने फिर शुरू किया दिल्ली मार्च



- पुलिस ने छोड़े आंसू गैस के गोले

**नई दिल्ली.** 101 किसानों का एक समूह रविवार को पंजाब-हरियाणा बॉर्डर से दिल्ली की ओर मार्च फिर से शुरू करने की कोशिश कर रहा है। उनकी मुख्य मांग न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) के लिए कानूनी गारंटी और अन्य मुद्दों का समाधान है। हरियाणा पुलिस ने उनके मार्च को कुछ मीटर की दूरी पर ही रोक लिया, जिसके बाद हिंसक झड़पें हुईं। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोलों का इस्तेमाल किया।

हरियाणा पुलिस ने किसानों से विरोध प्रदर्शन जारी रखने के लिए आवश्यक अनुमति की मांग की, जिससे शंभू में किसानों और पुलिस के बीच बहस शुरू हो गई। एक प्रदर्शनकारी किसान ने कहा, ₹पुलिस पहचान पत्र मांग रही है, लेकिन उन्हें यह गारंटी देनी चाहिए कि वे हमें दिल्ली जाने की अनुमति देंगे। वे कहते हैं कि दिल्ली जाने की अनुमति नहीं है तो फिर हमें पहचान पत्र क्यों देना चाहिए? हम पहचान पत्र देंगे अगर वे हमें दिल्ली जाने की अनुमति दें।₹

इस बीच, पुलिस ने दावा किया कि किसान एक समूह के बजाय भीड़ के रूप में जा रहे थे। उन्होंने कहा कि किसानों को केवल तब आगे बढ़ने दिया जाएगा जब उनकी पहचान सत्यापित हो जाएगी। पुलिस ने कहा, ₹हम पहले उनकी पहचान सत्यापित करेंगे, फिर उन्हें आगे जाने की अनुमति देंगे। हमारे पास 101 किसानों की सूची है, लेकिन ये वही लोग नहीं हैं। वे हमें अपनी पहचान सत्यापित नहीं करने दे रहे और भीड़ की तरह आगे बढ़ रहे हैं।₹ हालांकि, किसानों ने इस दावे का खंडन करते हुए कहा कि उन्होंने पुलिस को कोई सूची नहीं दी है।

### कनाडा में भारतीय छात्र की गोली मारकर हत्या 2 संदिग्ध गिरफ्तार

कनाडा के एडमोंटन में सिक्योरिटी गार्ड के तौर पर काम करने वाले 20 वर्षीय भारतीय छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक छात्र की पहचान पंजाब राज्य के हर्षनदीप सिंह के रूप में हुई है। उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई और पुलिस ने दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया है। अभी यह पता नहीं चल पाया है कि हर्षनदीप पंजाब के किस गांव या शहर का रहने वाला है।

पता चला है कि जिस अपार्टमेंट में हर्षनदीप सिक्योरिटी गार्ड के तौर पर तैनात था, उसके बाहर कुछ लोगों में झड़प हो गई। कुछ लोग अपार्टमेंट में घुस गए जिसके बाद यह गोलीबारी की घटना हुई। प्रारंभिक जांच में दो संदिग्धों पर हत्या का आरोप लगाया गया है। घटना सीसीटीवी में भी कैद हो गई है। सीसीटीवी में हमलावर पीड़ित को सीढ़ियों से नीचे फेंकते हुए दिखाई दे रहा है।

#### दो संदिग्ध पुलिस ने दबोचे

कनाडा के अधिकारियों ने मीडिया से कहा कि शुक्रवार को कनाडा के एडमोंटन के एक अपार्टमेंट में 20 वर्षीय भारतीय छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस मामले में दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया और उन पर फर्स्ट-डिग्री हत्या का आरोप लगाया गया। मृतक हर्षनदीप सिंह, जो एक सुरक्षा गार्ड के रूप में भी काम करता था, शुक्रवार को लगभग 12.30 बजे गोलीबारी के बाद मृत पाया गया।

# भारत को रूस नहीं देता है सस्ता तेल

## जयशंकर बोले- आपके पास है बेहतर डील तो बताएं



**नई दिल्ली.** रूस-यूक्रेन संघर्ष के बाद पश्चिमी देशों ने रूस का बहिष्कार किया, लेकिन भारत ने अपनी दोस्ती बरकरार रखी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में रूस की यात्रा की। साथ ही भारत ने रूस से तेल खरीदना जारी रखा। इसको लेकर जब विदेश मंत्री एस जयशंकर से सवाल पूछे गए तो उन्होंने करारा जवाब दिया। जयशंकर ने शनिवार को भारत के रूस से तेल खरीदने के फैसले का जोरदार बचाव किया। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या विश्व के पास भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कोई बेहतर विकल्प है।

यह बयान उन्होंने 22वें दोहा फोरम के पैनल ₹नए युग में संघर्ष समाधान₹ पर चर्चा के दौरान दिया। जयशंकर ने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध के तीन साल बाद दुनिया यह महसूस करने लगी है कि इस समस्या को केवल वार्ता के माध्यम से सुलझाया जा सकता है।

जयशंकर ने स्पष्ट किया कि रूस से तेल खरीदना भारत के लिए कोई सस्ता सौदा नहीं है, बल्कि यह देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने की एक आवश्यकता है। उन्होंने कहा, ₹मैं तेल खरीदता हूं। यह सच है। यह सस्ता नहीं है। क्या आपके पास बेहतर डील है?₹

भारत ने हाल के वर्षों में रूस से कच्चे तेल के आयात में उल्लेखनीय वृद्धि की है। रूस अब भारत का सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता बन चुका है, जो भारत के कुल तेल आयात का 35 प्रतिशत से अधिक हिस्सा रखता है।

### बांग्लादेश में फिर इस्कॉन मंदिर पर हमला

**ढाका.** बांग्लादेश में कट्टरपंथियों ने एक बार फिर इस्कॉन मंदिर को निशाना बनाया है। शनिवार को राजधानी ढाका में इस्कॉन मंदिर में आग लगा दी गई। कोलकाता इस्कॉन के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने PTI को बताया कि बांग्लादेश में लगातार वैष्णव सम्प्रदाय और इस्कॉन सदस्यों को टारगेट कर हमले किए जा रहे हैं। राधारमण दास ने X पोस्ट में लिखा- बांग्लादेश में एक और इस्कॉन नमहट्टा सेंटर को जला दिया गया। हमले में श्री श्री लक्ष्मी नारायण देवता की मूर्तियों समेत मंदिर का सामान पूरी तरह से जल गया। उपद्रवियों ने ढाका में मौजूद श्री श्री राधा कृष्ण मंदिर और श्री श्री महाभाग्य लक्ष्मी नारायण मंदिर में आग लगा दी।

# एडिलेड टेस्ट-ऑस्ट्रेलिया 10 विकेट से जीता, सीरीज बराबर

- भारत ने 19 रन का टारगेट दिया था



ऑस्ट्रेलिया ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के एडिलेड टेस्ट में भारत को 10 विकेट से हरा दिया है। होस्ट टीम ने 19 रन का टारगेट बिना विकेट गंवाए हासिल कर लिया। 5 मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर हैं। भारत ने पर्थ टेस्ट 295 रन से जीता था। सीरीज का तीसरा मुकाबला 14 दिसंबर से ब्रिस्बेन के गाबा मैदान पर खेला जाएगा।

एडिलेड के ओवल मैदान पर रविवार को भारत दूसरी पारी में 175 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम ने 128/5 के स्कोर से दिन की शुरुआत की और आखिरी 5 विकेट 47 रन बनाने में गंवा दिए। ऋषभ पंत आज कोई रन नहीं बना सके और 28 रन पर आउट हो गए। नीतीश रेड्डी ने 15 रन से खेला शुरू किया और 42 रन बनाकर आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से कप्तान पैट कमिंस ने 5 विकेट झटके। स्कॉट बोलैंड को 3 और मिचेल स्टार्क को 2 विकेट मिले। स्टार्क ने पहली पारी में 6 विकेट लिए थे।

ऑस्ट्रेलियाई टीम पहली पारी में 337 रन पर ऑलआउट हुई थी। ट्रैविस हेड (140 रन) ने सेंचुरी लगाई। भारत ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी, लेकिन टीम 180 रन ही बना सकी थी।

पैट कमिंस ने 'पंजा' मारकर हिलाई रिकॉर्ड बुक

ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने एडिलेड टेस्ट में भारतीय बल्लेबाजों को हावी होने का कोई मौका नहीं दिया। पहली पारी में मिचेल स्टार्क ने 6 विकेट चटकाए जबकि दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने 'पंजा' मारा। तेज गेंदबाज कमिंस ने 14 ओवर में 57 रन देकर 5 विकेट झटके। उन्होंने नितीश कुमार रेड्डी (42), केएल राहुल (7), रोहित शर्मा (6), रविचंद्रन अश्विन (7) और हर्षित राणा (0) को आउट किया। कमिंस ने फाइफर लेकर रिकॉर्ड बुक हिला डाली है।

# मुंबई-पुणे का सफर मात्र 25 मिनट में

- दोनों शहरों के बीच चलेगी पहली हाइपरलूप ट्रेन



मुंबई. मुंबई-पुणे का सफर जल्द ही हायपरलूप से सिर्फ 25 मिनट में तय होगा। इस सफर में अभी तीन-चार घंटे लगते हैं। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हायपरलूप का वीडियो ट्विटर पर शेयर किया है। यह मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का ड्रीम प्रोजेक्ट था। केंद्र ने अब इसे हरी झंडी दे दी है। फडणवीस के दोबारा मुख्यमंत्री बनने से इस प्रोजेक्ट को गति मिलेगी। यह देश का पहला हायपरलूप रूट होगा। ट्रेन 1200 किमी/घंटा की रफ्तार से दौड़ सकती है, लेकिन मुंबई-पुणे के बीच इसकी स्पीड 600 किमी/घंटा रहेगी। इस ट्रेन का किराया हवाई जहाज के बराबर हो सकता है।

25 मिनट में पूरा होगा चार घंटे का सफरमुंबई और पुणे के बीच का सफर अभी तीन से चार घंटे का होता है। लेकिन हायपरलूप ट्रेन से यह सफर घटकर सिर्फ 25 मिनट का रह जाएगा। इसके लिए एक खास तरह की ट्रेन बनाई जाएगी जो बिना रुके मुंबई से पुणे तक दौड़ेगी। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हायपरलूप का एक वीडियो शेयर करके इस प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी दी है। इससे पहले महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अपने पहले कार्यकाल में इस प्रोजेक्ट को शुरू करने की कोशिश की थी। यह उनका ड्रीम प्रोजेक्ट था। अब केंद्र सरकार ने इस प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी है।600 किमी की रफ्तार से चलेगी ट्रेनमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के दोबारा मुख्यमंत्री बनने से इस प्रोजेक्ट को और तेजी से आगे बढ़ाया जा सकेगा। मुंबई-पुणे रूट देश का पहला हायपरलूप रूट होगा। इस रूट पर चलने वाली ट्रेन हवा में उड़ने वाले हवाई जहाज की तरह तेज रफ्तार से दौड़ेगी। यह ट्रेन 1200 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ सकती है। लेकिन मुंबई और पुणे के बीच यह ट्रेन 600 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी। ।हायपरलूप क्या है?हायपरलूप एक नई तकनीक है। इसमें एक पॉड में 24 से 28 यात्री बैठ सकते हैं। यह तकनीक सबसे पहले अमेरिका में लॉस एंजेलिस और सैन फ्रांसिस्को के बीच तेजी से सफर करने के लिए सोची गई थी। 2013 में एलन मस्क ने इस तकनीक का आइडिया दिया था। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अपने पहले कार्यकाल में ही मुंबई-पुणे रूट के लिए हायपरलूप तकनीक को चुनकर इसे अपना ड्रीम प्रोजेक्ट बताया था।रेलमंत्री ने क्या कहा?केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया है कि भारत में रॉकेट जैसी तेज रफ्तार वाली ट्रेन चल सकेगी। इसके लिए 410 किलोमीटर लंबा ट्रैक तैयार किया गया है। इस ट्रैक पर हायपरलूप ट्रेन की टेस्टिंग की जाएगी। यह ट्रेन एक ट्यूब के अंदर हवा रहित जगह में चलेगी।

**संक्षेप...**

**दहेज प्रताड़ना का मामला**

**भिवंडी.** शादी के 3 वर्षों बाद भी दहेज की मांग और प्रताड़ित की जा रही 31 वर्षीय महिला ने ससुराल वालों के खिलाफ शिकायत कर मामला दाखिल कराया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि, पति उसे शराब के नशे में बेल्ट से पीटता था. सास-ननद भी दहेज के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करती थीं.

पीड़िता ने पुलिस भरोसा सेल की सहायता से पीड़िता की शिकायत पर शांतीनगर पुलिस पति संदिप वेंकटेश्वर काकुला, सास विजयलक्ष्मी और ननद सरिता के खिलाफ धारा 498(A), 323, 504, 34 और दहेज प्रतिबन्धक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है.पुलिस मामले की जांच कर रही है.

# राहुल नार्वेकर होंगे विधानसभा के स्पीकर

- विपक्ष के 105 विधायकों ने शपथ ली
- CM फडणवीस से मिलकर डिप्टी स्पीकर का पद मांगा

**मुंबई.** महाराष्ट्र विधानसभा के विशेष सत्र के दूसरे दिन विपक्ष के 105 विधायकों ने शपथ ली। इन सभी ने EVM के मुद्दे पर 7 दिसंबर को शपथ लेने से इनकार करते हुए सदन से वॉकआउट कर दिया था। कांग्रेस के नाना पटोले, विजय वडेट्टीवार और अमित देशमुख, NCP-SP नेता जितेंद्र अव्हाड, शिवसेना UBT के आदित्य ठाकरे ने सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होते ही शपथ ली। शनिवार को 173 विधायकों ने शपथ ली थी। हालांकि इनमें समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी और रईस शेख भी शामिल रहे। अब बाकी बचे 9 विधायक सोमवार को शपथ लेंगे।

इधर, राहुल नार्वेकर आज पद के लिए नामांकन भर दिया है। कोलाबा सीट से विधायक नार्वेकर का निर्विरोध चुना जाना तय है क्योंकि किसी और उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल नहीं किया है।



शपथ ग्रहण से पहले विपक्ष के नेताओं ने CM फडणवीस से मुलाकात की। ये सभी विधानसभा में डिप्टी स्पीकर के पद की मांग को लेकर पहुंचे थे। 23 नवंबर को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का रिजल्ट आया था। सोलापुर जिले की मालसिरस विधानसभा सीट से NCP (शरद) उम्मीदवार उत्तमराव जानकर ने जीत हासिल की थी। उन्होंने बीजेपी के राम सातपुते को हराया था।

रिजल्ट के बाद मालसिरस विधानसभा के मारकडवाडी गांव के लोगों ने दावा किया था कि गांव के ज्यादातर लोगों ने NCP प्रत्याशी को वोट दिए थे, लेकिन EVM के आंकड़े के मुताबिक बीजेपी प्रत्याशी को 1003 वोट मिले हैं और NCP प्रत्याशी को 843 वोट। ये गलत है।

गांववालों का दावा है कि बीजेपी प्रत्याशी को 100-150 वोट से ज्यादा नहीं मिल सकते हैं। गांववालों ने खुद के खर्चे पर स्थानीय प्रशासन ने बैलट पेपर पर दोबारा मतदान कराने की अपील की थी। लेकिन प्रशासन ने इसे खारिज कर दिया था। इसी के बाद EVM में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए आज गांव वालों ने खुद बैलट पेपर पर मतदान का कार्यक्रम आयोजित किया है। 3 दिसंबर को सारी तैयारी की गई थी। पोलिंग बूथ तक बनाया गया था, लेकिन प्रशासन ने बैलेट पेपर से ग्रामीण की तरफ से वोटिंग को रोक दिया था। 17 लोगों के खिलाफ FIR दर्ज की गई थी।

### विपक्ष के किसी भी दल के पास 10% सीटें नहीं, नेता विपक्ष पर संशय

महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों पर 20 नवंबर को वोटिंग हुई थी। 23 नवंबर को रिजल्ट आया। महायुति को 230 सीटें मिलीं। इसमें भाजपा को 132, शिवसेना को 57 और NCP को 41 विधायक जीते। वहीं महाविकास अघाड़ी (MVA) को 46 और अन्य को 12 सीटें मिलीं। MVA में शिवसेना (UBT) 20, कांग्रेस 16 और शरद पवार की NCP को 10 सीटों पर जीत मिली। बहुमत का आंकड़ा 145 है।

नेता विपक्ष पर दावा करने के लिए पार्टी के पास 10% सीटें होना जरूरी है। 288 सीटों वाली महाराष्ट्र विधानसभा में इस पद पर दावा करने के लिए 29 सीटों की जरूरत है, जो किसी भी विपक्षी पार्टी के पास नहीं हैं। ऐसे में विधानसभा में कोई मुख्य विपक्षी दल और उसका नेता नहीं होगा।

# सपा महाराष्ट्र में BJP की बी-टीम : आदित्य ठाकरे

- अबु आजमी ने कहा था- भाजपा और शिवसेना UBT में कोई फर्क नहीं

**मुंबई.** समाजवाद पार्टी (सपा) के महाविकास अघाड़ी (MVA) से अलग होने के बाद विधानमंडल में शिवसेना (UBT) विधायक दल के नेता आदित्य ठाकरे ने कहा कि सपा महाराष्ट्र में भाजपा की बी-टीम है। सपा के प्रदेश अध्यक्ष अबु आजमी ने शनिवार को MVA से अलग होने की घोषणा की थी।

शिवसेना (UBT) ने 6 दिसंबर को बाबरी विध्वंस की बरसी पर अखबार में एड छपवाकर बधाई दी थी। उद्धव ठाकरे के करीबी मिलिंद नार्वेकर ने इसे लेकर X पर पोस्ट भी किया था। इससे नाराज अबु आजमी ने कहा था-

**भाजपा और शिवसेना (UBT) में कोई फर्क नहीं है। उन्होंने बाबरी मस्जिद गिराने वालों को बधाई दी। उद्धव के करीबी ने सोशल मीडिया पर मस्जिद ढहाए जाने की तारीफ की। हम MVA से अलग हो रहे हैं।**



इस पर जवाब देते हुए आदित्य ने रविवार को कहा कि मैं समाजवादी पार्टी के बारे में बात नहीं करना चाहता। अखिलेश यादव अपनी लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन महाराष्ट्र में उनके कुछ नेता भाजपा की मदद करते हैं। उनकी बी-टीम बनकर काम करते हैं।

### आजमी ने कहा था- सपा अकेले चल लेगी

सोशल मीडिया पोस्ट में मिलिंद नार्वेकर ने बाबरी मस्जिद ढहाए जाने की तस्वीर के साथ शिवसेना संस्थापक बालासाहेब ठाकरे का कोट लगाया, जिसमें उन्होंने कहा था- जिन्होंने ये किया, मुझे उन पर गर्व है। इस पोस्ट में उद्धव ठाकरे, आदित्य ठाकरे और खुद मिलिंद नार्वेकर की तस्वीर भी लगाई गई।

अबु आजमी ने इस पोस्ट को लेकर कहा कि अगर MVA में कोई इस तरह की बात कर सकता है, तो उसमें और BJP में क्या फर्क रह गया? हम उनके साथ गठबंधन में क्यों रहें?

आजमी ने X पोस्ट पर लिखा था कि सपा अकेले चल लेगी, लेकिन शिवसेना UBT की सांप्रदायिक विचारधारा का हिस्सा बनना हमें गवारा नहीं। समाजवादी पार्टी सांप्रदायिकता के खिलाफ थी, है और हमेशा रहेगी।

# पंजाब के भजन गायक पर हमला

- 10 से अधिक लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**ठाणे.** पंजाब के 45 वर्षीय भजन गायक पर नवी मुंबई में हमला किया गया, जिसके बाद 10 से अधिक लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पंजाब के गुरदासपुर के निवासी लकविंदर सुरजीत सिंह पर शुक्रवार शाम को वाशी में पनवेल-सायन रोड पर हमला किया गया, जब वह जुईनगर से मुंबई हवाई अड्डा जा रहे थे।

अधिकारी ने कहा, 'आरोपियों ने उनके वाहन को रोका और लोहे की रॉड व दरांती से उन पर हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि आरोपी 2017 में मारे गए एक व्यक्ति के परिजनों को गायक द्वारा समर्थन दिए जाने नाराज थे। हम मामले की जांच कर रहे हैं। दो संदिग्धों की पहचान हैप्पी सिंह (35) और जसपाल सिंह (42) के रूप में हुई है।"

उन्होंने बताया कि आरोपियों ने लकविंदर सिंह को पिस्तौल व रिवॉल्वर दिखाकर धमकाया और फिर उन्हें तथा उनके एक साथी को घटनास्थल पर छोड़कर भाग गए।

नवी मुंबई के पुलिस अधिकारी ने कहा, 'लखविंदर सिंह अस्पताल में भर्ती हैं। हमने करीब एक दर्जन लोगों के खिलाफ गैरकानूनी तरीके से एकत्र होने, बंधक बनाने, मारपीट और अन्य आरोपों में भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपियों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं।'

**गो ग्रीन रिवोल्यूशन मुहिम के तहत**

# येऊर हिल्स में किया गया महा पौधारोपण अभियान




**ठाणे।** शिव शांति प्रतिष्ठान सालों से पर्यावरण की सुरक्षा की दृष्टि से शहर स्थित येऊर हिल्स में पौधारोपण करती है।इसके साथ ही देश के कई राज्यों में समय-समय पर संस्था की ओर से पौधारोपण किया जाता है।संस्था की ओर से राष्ट्रगान व संस्था के सपथ के साथ शुरआत किया जाता है।इस मुहिम के तहत आज 100 ऋतु परिवर्तन को देखते हुए करंज व शीशम के पौधों को बीएआरसी के सेवानिवृत्त पूर्व वैज्ञानिक डॉ. टी.एन महादेवन के हाथों से पौधारोपण किया गया।संस्था के संस्थापक एड विनय कुमार सिंह ने डॉ महादेवन के 80 वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में तुलसी का पौधा व शाल देकर सम्मानित किया।वहीं संस्था के संस्थापक एड सिंह ने बताया कि संस्था पर्यावरण संरक्षण के लिए जन्मदिन व पुण्य तिथि और वैवाहिक, सालगिरह पर भी पौधारोपण करती है ताकि लोगों के भीतर पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा हो।डॉ महादेवन ने उपस्थित सभी लोगों और युवा पीढ़ी को पर्यावरण के प्रति विशेष ध्यान रखने के लिए कहा। इस अवसर पर पूर्व जीएम नाबार्ड मुंबई ललिता महादेवन,पूर्व ऑडिट अधिकारी पूना राधाकृष्णनन स्वामी,पूर्व इंजीनियर केरला सरकार लता कृष्णनन, रूपा महादेवन वरिष्ठ इंजीनियर एनवीडिया बैंगलोर, पर्यावरण प्रेमी सुनील पांडे, लक्ष्मी मौर्या, अधिवक्ता शिक्षा यादव, सूरज राजभर, सुधांशु बिसोई, ज्ञानेंद्र उपाध्याय, रोहित सिंह, दीपक प्रजापति सहित संस्था के स्वयंसेवक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# वराला देवी तालाब की दुर्दशा को लेकर सरकार उदासीन

- 1 वर्ष पूर्व DPR भेजने के बावजूद शासन से नहीं मिला फंड
- शहरवासी गंदा, दूषित पानी पीने को मजबूर

उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** भिवंडीकरों को करीब 5 एमएलडी जलापूर्ति कर प्यास बुझाने वाला भिवंडी मनपा का एकमेव वराला देवी तालाब खुद अपनी बदहाली के आंसू बहा रहा है.पानी आपूर्ति करने वाला विशाल जलाशय चारों तरफ से गंदगी से भरा है. गंदा,दूषित जल पीने को लोग मजबूर हैं.नागरिकों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रही मनपा धनभाव का हवाला देकर तालाब के रखरखाव से पल्ला झाड़ती है.1 वर्ष पूर्व मनपा प्रशासन द्वारा वराला देवी तालाब के सर्वांगीण विकास के लिए 52 करोड़ 95 लाख 21 हजार का शासन को भेजा गया डीपीआर आज तक मंजूरी की राह देख रहा है.

गौरतलब हो कि, पावरलूम नगरी भिवंडी में वराला देवी तालाब की विशेष पहचान है.कामतघर, फेना गांव, मानसरोवर रहिवासी एरिया से सटा करीब 4 किमी के दायरे में फैले वराला देवी तालाब से शहरवासियों को करीब 5 एमएलडी पानी की आपूर्ति मनपा द्वारा भिवंडी शहर के पुराने एरिया में की जाती है. आश्चर्यजनक है कि शहरवासियों को जलापूर्ति करने वाला तालाब गंदगी से भरा हुआ है.नजदीक रहिवासी क्षेत्रों से तालाब में गंदा,दूषित एवं ड्रेनेज पाइपों से मल युक्त दूषित पानी तालाब में आने से पानी की शुद्धता पर हमेशा प्रश्नचिन्ह खड़ा होता रहता है.मनपा एवं पर्यावरण विभाग भी लाखों लोगों के स्वास्थ्य के गंभीर मुद्दे पर आंखे मूंदे तमाशबीन बना है. वराला देवी तालाब की बाउंड्री वाल टूटी होने की वजह से सुरक्षा राम भरोसे है. जलाशय के किनारे स्थित गणपति घाटो फेना,वराला, काटेकर आदि विसर्जन घाट पर दिनदहाड़े वाहन, कपड़ा धुलाई, स्नान कर लोग पानी में गंदगी फैलाते देखे जाते हैं.



**फंड मंजूरी के बाद कार्य होगा शुरू**

**सरकार को वराला देवी जलाशय के सर्वांगीण विकास का डीपीआर मंजूरी के लिए भेजा गया है .फंड के अभाव में जलाशय के समुचित रखरखाव में कठिनाई हो रही है . शासन से डीपीआर मंजूर होते ही निर्माण कार्य फौरन शुरू किया जाएगा .**

**-संदीप पटनावर..**
प्र.कार्यकारी अभियंता जलापूर्ति विभाग मनपा.

भिवंडी लोकसभा पूर्व सांसद एवम केंद्रीय पंचायत राज मंत्री कपिल पाटील ने जनहित से जुड़े उक्त मुद्दे को बेहद गंभीरता से लेते हुए करीब 1वर्ष पूर्व मनपा आयुक्त अजय वैद्य से चर्चा कर तालाब के समुचित रखरखाव के लिए डीपीआर बनाकर शासन के पास मंजूरी के लिए भेजने एवं केंद्र से जरूरी फंड मुहैया कराने का भरोसा दिया था.मनपा प्रशासन द्वारा 52 करोड़ 95 लाख 21 हजार रुपए का डीपीआर जलापूर्ति विभाग के अधिकारियों की टीम से तैयार कर केंद्र एवं राज्य सरकार को मंजूरी के लिए भेजा गया जो आज तक लंबित है.

### डीपीआर मंजूरी से होगा तालाब का कायाकल्प.

वराला देवी जलाशय के सर्वांगीण विकास की खातिर मनपा द्वारा शासन की मंजूरी के लिए भेजे गए 52 करोड़ 95 लाख 21 हजार रुपए के डीपीआर से जलाशय के चारों तरफ पाथवेज, वाटर इंटर सिस्टम,स्टॉर्म वाटर ड्रेन, वाटर शुद्धता कार्य, बाउंड्री वाल, कंट्रोल सेंटर, एलईडी लाइट, सीसीटीवी कैमरा, सोलर सिस्टम, रखरखाव, सुरक्षा, खूबसूरती के लिए पानी का फव्वारा आदि आवश्यक कार्य अंजाम दिए जाएंगे.

## साकीनाका में पानी के टैंकर के नीचे सो रहे व्यक्ति को ड्राइवर कुचल दिया; मौत

**मुंबई.** शनिवार को साकीनाका में हुए हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, वह पार्क किए गए पानी के टैंकर के नीचे सो रहा था, तभी ड्राइवर ने गाड़ी स्टार्ट कर दी और उसे कुचल दिया। पुलिस ने ड्राइवर कन्हैयालाल यादव (43) के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने का मामला दर्ज किया है। यह घटना अंधेरी-घाटकोपर लिंक रोड पर एक सीएनजी पेट्रोल पंप के पास हुई। मृतक की पहचान घाटकोपर निवासी अतुल कांबले के रूप में हुई है, जहां वह अपने भाई मिलिंद के साथ रहता था। पोस्टमार्टम के बाद कांबले का शव मिलिंद को सौंप दिया गया।

# CBI का फर्जी अधिकारी बनकर लगाया 59 लाख रुपये का चूना

**ठाणे.** साइबर ठगों ने सीमा शुल्क और सीबीआई के फर्जी अधिकारी बनकर ठाणे शहर निवासी एक व्यक्ति पर अपराधिक गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाते हुए उसे कार्रवाई की धमकी दी और 59 लाख रुपये ठग लिए. यह ठगी 26 नवंबर से दो दिसंबर के बीच की गई.

पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, ''खुद को दिल्ली के सीमा शुल्क अधिकारी बताने वाले एक व्यक्ति ने 54 वर्षीय पीड़ित को कई बार फोन किया. उसने पीड़ित को बताया कि उसका एक पार्सल जब्त कर लिया गया है और उसमें नशीले पदार्थ मिले हैं. फोन करने वाले ने दावा किया कि मामले को आगे की जांच के लिए सीबीआई को भेजा जा रहा है. उसने पीड़ित को सीबीआई के साथ सहयोग करने और एक और फोन का जवाब देने के निर्देश दिए.''

अधिकारियों के अनुसार, इसके बाद पीड़ित को दूसरी बार फोन आया और फोन पर एक व्यक्ति ने खुद को सीबीआई का अधिकारी बताया. उसने पीड़ित से कहा कि उसका नाम ह्यूमन ट्रैफिकिंग और मनी लॉन्ड्रिंग सहित गंभीर आपराधिक गतिविधियों से जुड़ा हुआ पाया गया है और मामले से अपना नाम हटवाने के लिए उसे 59 लाख रुपये देने होंगे.


**आम सूचना**

मैं श्री विनोद शिवाजी कांबले सभी को सूचित कर रहा हूं कि गाला नं. 4, तल मजला, साई शक्ति अपार्टमेंट, साईबाबा नगर, शांतिनगर, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 30सीओ005840100) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती शकुंतला शिवाजी कांबले के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 3.12.2024 सी.नं. 25/487 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री विनोद शिवाजी कांबले**


# सवा तीन लाख की बिजली चोरी का पर्दाफाश, 2 पर केस दर्ज

**भिवंडी.** गुलजार नगर इलाके में टोरेंट पावर कंपनी की सतर्कता टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 3.13 लाख रुपये की बिजली चोरी का मामला पकड़ा है। आरोप है कि दो स्थानीय निवासियों ने बिजली मीटर में छेड़छाड़ कर पिछले एक साल से अवैध रूप से बिजली का उपयोग कर रहे थे। इस मामले में शांतिनगर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

टोरेंट पावर कंपनी की सतर्कता विभाग की टीम, जिसका नेतृत्व एग्जीक्यूटिव ऑफिसर श्रुति अनिल कांबले कर रही थीं, ने गुलजार नगर में छापा मारा। जांच के दौरान पाया गया कि नागांव 2 गुलजार नगर के निवासी मुस्ताक अहमद हबीबुल्लाह अंसारी और मोहम्मद दाऊद खान ने बिजली मीटर में गड़बड़ी कर 13,462 यूनिट बिजली का अवैध उपयोग किया। इस चोरी की कुल राशि 3,13,527.24 रुपये आंकी गई है।






कंपनी के अधिकारी की शिकायत पर शांतिनगर पुलिस स्टेशन में दोनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय बिजली अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच सहायक पुलिस निरीक्षक घोलप कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जाएगी। टोरेंट पावर कंपनी के अधिकारियों ने कहा कि बिजली चोरी पर अंकुश लगाने के लिए नियमित रूप से जांच अभियान चलाया जा रहा है। यह कार्रवाई भी उसी का हिस्सा है।


**CHANGE OF NAME**

I **Vandana Lakhmichand Sachdev** W/o Dilip Rajaldas Advani, R/o, Barrack no. 416, Room no. 05, OT section, ulhasnagar 421001., have changed my name to **Sapna Dilip Advani** ( marriage dated. 20/05/2004) (Marriage Certificate Registration No. MAHM/THANE/MC/UNR/3/2013/77) for all future purpose.

**STAFF REQUIRED**

SINDHI MALE

Qualification B.COM PASSED For ACCOUNTANT & For SALESMAN Qualification- 10TH PASSED

CONTACT :
MR. RAJESH
Mob. No. : 9307579475


# दीपिका ने दिलजीत के कॉन्सर्ट में ली सरप्राइज एंट्री

- गले भी लगाया, सिंगर ने कहा- कभी सोचा नहीं था इनको पास से देख पाऊंगा



दीपिका पादुकोण ने शुक्रवार रात बेंगलुरु में दिलजीत दोसांझ के दिल-ल्यूमिनाटी कॉन्सर्ट में सरप्राइज एंट्री ली। पहले उन्होंने आम फैन के जैसे कॉन्सर्ट को दूर बैठकर इंजॉय किया। फिर सिंगर ने उन्हें स्टेज पर बुलाया, जहां दोनों थिरकते दिखे। इस दौरान सिंगर ने दीपिका की तारीफ भी की। बेटी दुआ के जन्म के बाद दीपिका का यह पहला पब्लिक अपियरेंस था। 8 सितंबर को उन्होंने बेटी को जन्म दिया था। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया के जरिए मां बनने की ऑफिशियल अनाउंसमेंट की थी। रणवीर-दीपिका ने पोस्ट में लिखा था, वेलकम बेबी गर्ल। 8.9.2024।

### दीपिका ने गले लगाया

दिलजीत के इस कॉन्सर्ट के कई वीडियोज सोशल मीडिया पर सामने आए हैं। वीडियो में दीपिका को नीली जींस और ओवरसाइज्ड व्हाइट टी-शर्ट में देखा गया। स्टेज पर आने के बाद एक्ट्रेस ने दिलजीत को गले लगाया और स्टेज पर उनके साथ कुछ देर डांस भी किया।

### दिलजीत ने की एक्ट्रेस की तारीफ

दूसरे एक वीडियो में, दीपिका को दिलजीत को कन्नड़ में एक लाइन सिखाते हुए देखा गया। फिर सिंगर ने एक्ट्रेस की ओर इशारा करते हुए कहा- कितना प्यारा काम इन्होंने किया है। हमने इनको बड़े पर्दे पर देखा है। कभी सोचा न था कि इतने पास से इनको देखने का मौका मिलेगा। इतने प्यार और अपने दम पर इन्होंने बॉलीवुड में अपनी जगह बनाई है।

सिंगर ने आगे कहा- इतना अच्छा, प्यार काम किया है। हम सबको गर्व है। बहुत-बहुत प्यार। आप हमारे शो में आईं, बहुत शुक्रिया मैम। दीपिका के वर्कफ्रंट की बात करें, तो उन्हें आखिरी बार फिल्म सिंघम अगेन में देखा गया था। इस फिल्म में उनके साथ रणवीर सिंह, अजय देवगन, अक्षय कुमार, करीना कपूर जैसे सेलेब्स दिखे थे।






यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099